

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 यशस्वी जायसवाल ने चौथे दिन 3 कैच छोड़े, रोहित शर्मा भड़के.

शेख हसीना को जल्द सुनाई जाए सजा, पहले यूनुस..... 12

वर्ष : 12 | अंक : 256 | पटना, सोमवार, 30 दिसम्बर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 22.0°C न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 75,920

चांदी 91,900

सेंसेक्स 83,584

निफ्टी 25,698

# समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है संविधान, यह हमारा मार्गदर्शक है : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है और यह हमारा मार्गदर्शक है। मोदी ने अपने मासिक मन की बात कार्यक्रम में कहा कि अगले गणतंत्र दिवस पर संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है। हमारे संविधान निमाताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारा मार्गदर्शक है। मोदी ने कहा कि यह भारत का संविधान ही है जिसकी वजह से वह आज यहां हैं। उन्होंने लोगों से कॉन्स्टिट्यूशन75 डॉट कॉम वेबसाइट देखने को कहा, जिसे देश के नागरिकों को संविधान की विरासत से जोड़ने के लिए शुरू किया गया है। मोदी ने कहा कि लोग इस पर संविधान की प्रस्तावना पढ़कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं, साथ ही अलग-अलग भाषाओं में संविधान पढ़ सकते हैं और संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछ सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस से एक वर्ष तक जारी रहने वाली कई गतिविधियां शुरू हुई हैं। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, हर घर नल का जल एवं उनका अनुरक्षण, हर घर तक पक्की गली नाली, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, हर खेत तक सिंचाई का पानी, कृषि फीडर का निर्माण, मुख्यमंत्री कृषि विद्युत कनेक्शन योजना, मुख्यमंत्री



उद्यमी योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, स्वास्थ्य उपकेंद्र में टेली मेडिसिन के माध्यम से चिकित्सा परामर्श, पशु चिकित्सा सेवाओं की डोर स्टेप डिलिवरी एवं पंचायत सरकार भवन के निर्माण की अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा हर पंचायत में 10+2 विद्यालय, ग्राम पंचायत, नगर पंचायत में खेल-कूद को बढ़ावा देने हेतु स्पोर्ट्स क्लब का गठन, प्रत्येक पंचायत में खेल का मैदान, मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष), मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों का गठन, राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता, दाखिल खारिज एवं जल जीवन हरियाली के तहत जीर्णोद्धार कराए गए सार्वजनिक कुओं, पोखर तथा तालाबों की अद्यतन स्थिति के संबंध में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष जन प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं भी रखी।

## डिजिटल होगा प्रयागराज महाकुंभ

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस बार प्रयागराज महाकुंभ न केवल विशाल और भव्य होगा बल्कि अनेकता में एकता का संदेश देते हुए पूरे कुंभ क्षेत्र में पहली बार डिजिटल व्यवस्था का प्रदर्शन होगा। श्री मोदी ने आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 117वीं कड़ी में रविवार को देश को संबोधित करते हुए कहा कि अगले माह प्रयागराज में महाकुंभ हो रहा है जो देश की विविधता और भव्यता को प्रदर्शित कर महाकुंभ का संदेश एक हो पूरा देश और गंगा की अविरल धारा न बँटे समाज हमारा का पूरा देश को संदेश देगा।

### मलेरिया, कैंसर से लड़ाई में भारत को मिली बड़ी सफलता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत ने जानलेवा बीमारी कैंसर और मलेरिया पीड़ितों की मदद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज मैं संतोष से कह सकता हूँ कि देशवासियों ने मिलकर इस चुनौती का दृढ़ता से मुकाबला किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट कहती है भारत में 2015 से 2023 के बीच मलेरिया के मामलों और इससे होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### गांधी परिवार को आत्मचिंतन करने की जरूरत : केन्द्रीय मंत्री

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने रविवार को आरोप लगाया कि गांधी परिवार ने कभी गैर-गांधी कांग्रेस नेताओं को सम्मान नहीं दिया। उन्होंने कांग्रेस के इस आरोप को खारिज कर दिया कि केंद्र सरकार ने देश के पहले सिख प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर कर उन्हें अपमानित किया। दरअसल कांग्रेस की मांग थी कि मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार करन के लिए अलग से जगह आवंटित की जाए और फिर उस जगह पर स्मारक बना दिया जाए। हालांकि सरकार ने कहा है कि मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह जल्द ही आवंटित कर दी जाएगी। इस मुद्दे पर खूब राजनीति भी हुई। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने इस मुद्दे पर राजनीति को दुर्भाग्यपूर्ण और सस्ती राजनीति करार दिया।

### कांग्रेस को आत्मचिंतन करने की जरूरत

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ हमारे वैचारिक और राजनीतिक मतभेदों के बावजूद, वह सबसे सम्मानित व्यक्ति हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार को पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने एक अन्य पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को भी उचित सम्मान नहीं दिया। अब प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने भी कहा है कि उनके पिता की मृत्यु के बाद कांग्रेस ने कार्यसमिति की बैठक बुलाने की जहमत भी नहीं उठाई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ह्यअसल में, गांधी परिवार ने कभी भी गैर-गांधी कांग्रेस नेताओं को सम्मान नहीं दिया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव को भारत रत्न पुरस्कार और सरदार वल्लभभाई पटेल को सम्मान भी नहीं दिया। गांधी परिवार को इन सब पर आत्मचिंतन करना चाहिए।

### मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर तेजी से चल रहा कार्य: केंद्र

नई दिल्ली। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर काम तेजी से चल रहा है, जिसके तहत 13 नदियों और कई राजमार्गों पर पुल बनाए जा रहे हैं। इसमें कई रेलवे लाइनों को सात स्टील और प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट पुलों के माध्यम से पार किया जाएगा। यह जानकारी भारतीय रेलवे द्वारा वार्षिक समीक्षा में दी गई। रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, प्रोजेक्ट के अंतर्गत 243 किलोमीटर से अधिक पुल निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है, साथ ही 352 किलोमीटर पियर कार्य और 362 किलोमीटर पियर नींव का कार्य भी पूरा हो चुका है। गुजरात में ट्रैक निर्माण का काम तेजी से चल रहा है, आनंद, वडोदरा, सूरत और नवसारी जिलों में आरसी ट्रैक बेड का निर्माण कार्य हो रहा है। लगभग 71 किलोमीटर आरसी ट्रैक बेड का निर्माण पूरा हो चुका है और वायडक्ट पर रेल की वेल्डिंग शुरू हो गई है। महाराष्ट्र में मुंबई बुलेट ट्रेन स्टेशन के लिए पहला कंक्रीट बेस स्लैब 32 मीटर की गहराई पर सफलतापूर्वक डाला जा चुका है, जो 10 मंजिला इमारत के बराबर है। बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) और शिल्पाता के बीच 21 किलोमीटर लंबी सुरंग पर काम चल रहा है, जिसमें मुख्य सुरंग निर्माण की सुविधा के लिए 394 मीटर की इंटरमीडिएट सुरंग (एडीआईटी) पूरी हो चुकी है।

# महावीर मंदिर न्यास के सचिव किशोर कुणाल का निधन

## महावीर वात्सल्य अस्पताल में 74 वर्ष के आयु में ली अंतिम सांस

प्रात : किरण

पटना। महावीर मंदिर न्यास के सचिव और भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी आर्चाय किशोर कुणाल का सुबह हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। श्री कुणाल को रविवार की सुबह कार्डियक अरेस्ट हुआ। इसके बाद तुरंत उन्हें महावीर वात्सल्य अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। श्री कुणाल का जन्म 10 अगस्त 1950 को हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूल की पढ़ाई मुजफ्फरपुर जिले के बरुराज गांव से की। उन्होंने पटना यूनिवर्सिटी से इतिहास और संस्कृत में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। वह1972 में गुजरात कैडर से भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी बने और आनंद के पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात हुए। वह 1978 में अहमदाबाद के पुलिस उपायुक्त बने। 1983 में उन्हें पदोन्नति मिली और वे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद पर पटना में तैनात हुए। श्री कुणाल ने वर्ष 1990 में गृह मंत्रालय में ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी के पद पर काम किया। एक आईपीएस अधिकारी के रूप में श्री कुणाल पहले से ही धार्मिक कार्यों में शामिल थे। पुलिस से सेवानिवृत होने के बाद उन्होंने केएसडी संस्कृत यूनिवर्सिटी दरभंगा के कुलपति का पद संभाला। वर्ष 2004 तक वे इस पद पर रहे।इसके बाद वह बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के प्रशासक बने और प्रचलित जातिवादी धार्मिक प्रथाओं में सुधार की शुरूआत की।आईपीएस की सेवा से सेवानिवृत होने के बाद आचार्य किशोर कुणाल सामाजिक कार्यों से जुड़ गए। फिलहाल वह बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष और पटना के चर्चित महावीर मन्दिर न्यास के सचिव भी थे। महावीर मंदिर न्यास बोर्ड पटना में कई स्कूलों और कैंसर अस्पताल का संचालन करती है। आचार्य किशोर कुणाल राजधानी पटना में ज्ञान निकेतन जैसे चर्चित स्कूल के संस्थापक भी थे। जब केन्द्र में वीपी सिंह की सरकार थी तो उस समय श्री कुणाल को केंद्र सरकार ने विश्व हिंदू परिषद और बाबरी मस्जिद



एक्शन कमेटी के बीच मध्यस्थता के लिए विशेष अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया था। श्री कुणाल बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी के समधि भी थे। अशोक चौधरी की बेटी शांभवी की शादी किशोर कुणाल के बेटे से हुई है। वर्ष 2008 में श्री कुणाल को सामाजिक सेवाओं में उनके योगदान के लिए भगवान महावीर पुरस्कार मिला। भारत की राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया।यह पुरस्कार भगवान महावीर फाउंडेशन, चेन्नई द्वारा स्थापित किया गया है। आचार्य कुणाल यह पुरस्कार पाने वाले बिहार-झारखंड के पहले व्यक्ति हैं। उनका चयन भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री एमएन वेंकटचलैया की अध्यक्षता वाली जूरी ने किया था।

### सीएम नीतीश ने जताया शोक

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी, राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के पूर्व अध्यक्ष और महावीर मंदिर न्यास समिति के संस्थापक सचिव आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। श्री कुमार ने रविवार को अपने शोक संदेश में कहा कि स्व. आचार्य किशोर कुणाल एक कुशल प्रशासक एवं संवेदनशील पदाधिकारी थे। वह विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों से भी जुड़े रहे। उन्होंने महावीर मंदिर न्यास समिति के सचिव के पद पर रहते हुये विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यों को अंजाम दिया। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पद पर रहते हुये अपने कार्यों को सफ संपादित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार्य कुणाल के निधन से प्रशासनिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा ने जताया शोक

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा ने आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। अपने शोक संदेश में सम्राट चौधरी ने कहा किशोर कुणाल का जीवन समाज सेवा, धार्मिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए समर्पित था। उन्होंने महावीर मंदिर को एक राष्ट्रीय पहचान दिलाई और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। उनके योगदान को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा,उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति और उनके परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। वहीं, श्री विजय सिन्हा ने कहा कि श्रद्धेय किशोर कुणाल जी का जाना मन को झकझोर देने वाली सूचना है। उनके आकस्मिक निधन से मन बहुत दुःखी है। अपने कर्तव्यों का कुशल निर्वहन करते हुए उन्होंने सामाजिक, धार्मिक एवं प्रशासनिक क्षेत्रों में एक अलग पहचान बनाई है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे तथा उनके परिजनों को दुःख सहने की शक्ति दें।

# मनमोहन सिंह की अस्थियां यमुना में विसर्जित

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की अस्थियां यहां यमुना के तट पर स्थित घाट पर विसर्जित कर दी गई हैं। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक पेज पर यह जानकारी देते हुए ट्वीट किया,आज भारत मां के सपूत और देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी की अस्थियां पूरे विधि-विधान के साथ मजनू का टीला स्थित गुरुद्वारे के पास यमुना घाट पर विसर्जित की गईं। हम सभी मनमोहन सिंह जी की देश सेवा, समर्पण और उनकी सहजता को हमेशा याद रखेंगे। गौरतलब है कि डॉ सिंह का निधन 26 दिसंबर को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में हुआ और शनिवार को निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# चालू वित्त वर्ष में 6.5 से 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**अनुमान** डेलॉयट इंडिया ने कहा- 2024-25 की पहली छमाही में वृद्धि दर अनुमान से कम रही

नई दिल्ली/एजेंसी भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 6.5 से 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि अगले वित्त वर्ष (2025-26) में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर कुछ अधिक यानी 6.7 से 7.3 प्रतिशत के बीच रहेगी। डेलॉयट इंडिया ने यह अनुमान लगाया है। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में वृद्धि दर अनुमान से कम रही है क्योंकि चुनाव को लेकर अनिश्चितताओं के बाद भारी बारिश और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से घरेलू मांग और निर्यात प्रभावित हुआ था। उन्होंने कहा, हालांकि, कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें भारत काफी जुझारू क्षमता दिखा रहा है। इनमें उपभोग का




रुख या सेवाओं की वृद्धि, निर्यात में उच्च मूल्य वाले विनिर्माण की बढ़ती हिस्सेदारी और पूंजी बाजार शामिल हैं। डेलॉयट ने कहा कि सरकार द्वारा लगातार बुनियादी ढांचा विकास, डिजिटलीकरण पर ध्यान देने और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने के उपायों से कुल दक्षता में सुधार होगा जिससे वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

मजूमदार ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम सतर्क के साथ आशावादी बने हुए हैं और उम्मीद करते हैं कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.5 से 6.8 प्रतिशत के बीच रहेगी। अगले वित्त वर्ष में यह 6.7 से 7.3 प्रतिशत के बीच रहेगी। इस महीने की शुरूआत में, भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के अपने वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया था। जून में आरबीआई ने वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। डेलॉयट ने कहा कि उच्च मूल्य वाले खंडों मसलन इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और रसायन जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण निर्यात वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत की बढ़ती मजबूत स्थिति को दशार्ता है। इस बीच, खुदरा और घरेलू संस्थागत निवेशकों की बढ़ती भागीदारी की वजह से स्थानीय पूंजी बाजारों में स्थिरता देखने को मिली है। हालांकि, पिछले ढाई महीने में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में जबर्दस्त बिकवाली की है।

## विमान में 181 यात्री सवार थे, बचाव कार्य जारी

# दक्षिण कोरिया : विमान हादसे में 167 यात्रियों की मौत

प्रात : किरण

सियोल/एजेंसी। दक्षिण कोरिया में एक हवाई अड्डे पर रविवार को उतरते समय एक यात्री विमान में आग लगने की घटना में कम से कम 167 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह देश में अब तक हुए सबसे वीभत्स हवाई हादसों में से एक है। देश की राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी ने बताया कि बचाव दल मुआन शहर स्थित इस हवाई अड्डे पर जेजू एयर यात्री विमान से लोगों को निकालने की कोशिश में जुटा हुआ है। विमान में 181 यात्री सवार थे। परिवहन मंत्रालय ने बताया कि विमान 15 वर्ष पुराना बोइंग 737-800 जेट था, जो बैंकॉक से लौट रहा था और दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजकर तीन मिनट पर हुई। अग्निशमन एजेंसी ने बताया कि आग लगने की घटना में कम से कम 167 लोगों की मौत हो गई। एजेंसी के मुताबिक, मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है क्योंकि घटना के करीब छह घंटे बाद भी विमान में सवार बाकी लोग लापता हैं। बचाव दल ने दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, जो चालक दल के सदस्य थे। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि वे होश में हैं। अग्निशमन एजेंसी ने आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 32 गाड़ियों और कई हेलीकॉप्टर तैनात किए। एजेंसी के मुताबिक, करीब 1,560 अग्निशमन कर्मी, पुलिस अधिकारी, सैनिक और अन्य अधिकारी भी घटनास्थल पर हैं। वाईटीएन टेलीविजन द्वारा प्रसारित एक फुटेज में ह्यजेजू एयरह्न विमान हवाई पट्टी पर फिसलकर एक कंक्रीट की दीवार से टकराता हुआ दिखता है। अन्य स्थानीय टीवी चैनलों द्वारा प्रसारित वीडियो में विमान से काले



धुएं का गुबार निकलता दिखा। मुआन अग्निशमन केंद्र के प्रमुख ली जियोंग-ह्योन ने संवाददाताओं से कहा कि विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया है और मलबे के बीच केवल टेल असेंबली ही पहचानी जा सकती है। ली ने बताया कि कर्मचारी दुर्घटना के कारणों के बारे में विभिन्न संभावनाओं की जांच कर रहे हैं। इसमें विमान के पक्षियों से टकराने के पहलू की भी जांच की जा रही है। परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि संचार रिकॉर्ड के उनके शुरूआती आकलन से पता चला कि हवाई अड्डे के नियंत्रण टॉवर ने विमान को उतरने से कुछ समय पहले पक्षियों के टकराने की चेतावनी जारी की और पायलट को एक अलग क्षेत्र में उतरने की अनुमति दी। अधिकारियों ने कहा कि पायलट ने दुर्घटना से पहले संकट संकेत भेजा था। परिवहन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी जू जोंग-वान ने बताया कि कर्मचारियों ने विमान के ब्लैक बॉक्स से फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर को निकाल लिया है और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डिंग उपकरण की तलाश की जा रही है। मुआन में आपातकालीन अधिकारियों ने कहा कि विमान के लैंडिंग

# अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत अब तक 102 करोड़ पौधे लगाने की उपलब्धि

## वन एवं जलवायु मंत्रालय की ओर से बड़ी सौगात रहा 2024 में

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तत्वावधान में ह्यएक पेड़ माँ के नामह्न के उद्घोष के साथ देश भर में चलाया गया वृक्षारोपण अभियान मंत्रालय की ओर से देश को वर्ष 2024 की एक बड़ी सौगात रही। पर्यावरण संरक्षण और कार्बन अवशोषण में वृक्षों की महती उपयोगिता के मद्देनजर इस अभियान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरा प्रोत्साहन मिला। मंत्रालय के अनुसार इस अभियान के तहत देश में अभी तक 102 करोड पेड़ लगाने की उपलब्धि हासिल हुई है और मार्च 2025 तक इसका लक्ष्य 140 करोड़ रखा गया है। श्री मोदी ने गत 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर इस अभियान का उद्घाटन किया और लोगों को अपनी माँ के प्रति प्रेम, आदर और सम्मान के प्रतीक के रूप में एक पेड़ लगाने का आह्वान किया। इस अभियान के अंतर्गत पेड़ों और धरती माँ की रक्षा करने का संकल्प भी लिया जाता है। मंत्रालय ने समाप्त हो रहे इस वर्ष के दौरान 26 सितंबर को लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट (लाइफ) के अनुरूप, इको-मार्क नियमावली अधिसूचित की है। यह 1991 की इको-मार्क योजना के स्थान पर है। यह योजना ह्यलाइफ के सिद्धांतों के अनुरूप पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों की मांग को प्रोत्साहित करेगी, ऊर्जा की कम खपत, संसाधन दक्षता और सर्कुलर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी। इस योजना का उद्देश्य सटीक लेबलिंग सुनिश्चित करना और उत्पादों के बारे में भ्रामक जानकारी को रोकना है। देश की जलवायु के अनुकूल कार्रवाई उसके अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) और 2070 तक नेट जीरो तक पहुंचने की दीर्घकालिक रणनीति द्वारा निर्देशित है और यह अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में फैली हुई है। वैश्विक जीएचजी उत्सर्जन में मामूली योगदान के बावजूद भारत ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में सबसे आगे रहने की अपनी इच्छा दिखाई है। भारत में वैश्विक आबादी का लगभग 17 प्रतिशत हिस्सा रहता है लेकिन इसका ऐतिहासिक तौर पर कुल योगदान चार प्रतिशत से भी कम है। वर्ष 2005 से 2019 के बीच हमारे सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता में 33 प्रतिशत की कमी आई है। इसलिए उत्सर्जन तीव्रता में कमी का लक्ष्य तय समय से पहले ही हासिल कर लिया गया है। इस वर्ष 31 अक्टूबर तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से कुल विद्युत शक्ति स्थापित क्षमता कुल संचयी विद्युत शक्ति स्थापित क्षमता का 46.52 प्रतिशत है। देश ने 2030 तक उत्सर्जन तीव्रता में 45 प्रतिशत की कमी और गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से संचयी विद्युत शक्ति स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत तक अपने एनडीसी लक्ष्यों को अद्यतन किया है।

# लोस चुनाव 2024 में प्रवासी भारतीय मतदाताओं की चुनावी भागीदारी कम: निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रवासी भारतीयों ने मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने में काफी उत्साह दिखाया और करीब 1.2 लाख लोगों ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराया, लेकिन इस साल लोकसभा चुनाव में बहुत कम लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने आए। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 2024 में 1,19,374 प्रवासी भारतीय मतदाताओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें केरल में सबसे अधिक 89,839 प्रवासी भारतीयों ने पंजीकरण कराया। 2019 में, 99,844 प्रवासी भारतीयों ने पंजीकरण कराया था। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए केवल 2,958 प्रवासी मतदाता ही भारत आए। इनमें से 2,670 मतदाता अकेले केरल से थे। कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु जैसे कई बड़े राज्यों में प्रवासी मतदाताओं का मतदान में कोई योगदान नहीं देखा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य गुजरात में लोकसभा चुनाव में 885 प्रवासी मतदाताओं में से केवल दो ने ही मतदान किया। महाराष्ट्र में भी लगभग यही स्थिति रही, जहां 5,097 अनिवासी भारतीय (एनआरआई) मतदाताओं में से केवल 17 ने ही मतदान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### टुनटुन यादव ने 2.5 करोड़ की लागत से नवनिर्मित सड़क-नाली का किया उद्घाटन

फतुहा। रविवार को नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव व उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि बबन यादव ने संयुक्त रूप से नवनिर्मित नाली सह पीसीसी सड़क का फीता काट कर उद्घाटन किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हमने करीब 2.5 करोड़ की लागत से वार्ड नं. 3,6,11,16,17 और 27 में नवनिर्मित सड़क -नाली उद्घाटन किया। वहीं कई वार्डों में निर्माण कार्य जारी है। आज कुछ और बचे कार्यों को चिन्हित किया गया। उसे भी जल्द बनाया जाएगा। वहीं कई वार्डों में मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव का स्वागत माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र देकर किया गया। इस अवसर पर पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, समाजसेवी सुधीर यादव, पार्षद अवधेश यादव, पार्षद ठाकुर प्रसाद तांती, अजीत कुमार उर्फ पप्पू चंद्रवंशी, भोटू साव, पार्षद प्रतिनिधि मनोज कुमार, अनिल उर्फ कारू कुमार, पूर्व पार्षद जयप्रकाश यादव उर्फ चंगरू जी, सूरज यादव एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### पूर्व सांसद रामकृपाल यादव ने जलालपुर में कटकर मर गए दोनों युवकों को सांत्वना देने पहुंचे

दानापुर। नगर के अंतर्गत पूर्व सांसद रामकृपाल यादव ने रविवार को जलालपुर में ट्रेन से कटकर मर गए दोनों युवकों के शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद करने को लेकर अधिकारियों से बात किए। मैं हर सम्भव पीड़ित परिवार को मदद करेंगे। बता दें कि गुरूवार को देर रात में जलालपुर निवासी गोपाल मांझी एवं हरिलाल मांझी की मौत बाईक से रेलवे लाईन पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से हो गई थी

### दानापुर रेलवे स्टेशन से चार किन्नर को गिरफ्तार किया

दानापुर खगौल रेलवे स्टेशन जीआरपी व आरपीएफ की टीम ने दानापुर रेलवे स्टेशन से चार किन्नर को गिरफ्तार किया है। सभी किन्नर बिहिया भोजपुर कि कजल खतून, सुनीता उर्फ मिष्ठी, निशा किन्नर व मुस्कान किन्नर है। जानकारी के अनुसार आरा से रविवार को सुबह गाड़ी संख्या 12295 संघमित्रा एक्सप्रेस जैसे ही आरा स्टेशन से खुली तो 4 की संख्या में रहे किन्नर ने यात्रियों से जबरन पैसा की मांग करने लगे अगर कोई यात्री पैसा नहीं देता था तो सभी किन्नर मिलकर यात्री से मारपीट पर उतारू हो जाते थे। जिसमे एक यात्री ने हिम्मत जुटाकर रेलवे के टॉल नंबर 139 पर फोन कर किन्नरों द्वारा यात्रियों पर हो रहे दुर्व्यवहार की शिकायत की ।आरपीएफ सब इंस्पेक्टर विमल कुमार ने बतलाया कि घटना की सूचना मिलते ही दानापुर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ एवं जीआरपी की टीम ने भाग रहे चारों किन्नर को खदेड़कर पकड़ लिया। जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि चारो हिजड़े को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है।

### दो वारंटी को गिरफ्तार करके भेजा जेल

मसौढ़ी !पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से आरोपित को जेल भेज दिया गया ।मसौढ़ी पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के भैंसवां गांव निवासी रामप्रताप सिंह के पुत्र अमरजीत कुमार व पकड़ी गांव निवासी हरसू यादव के पुत्र शिव यादव विगत काफी समय से फरार चल रहा था ।आरोपित के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किया गया था ।जिसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपित को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया।

### आपसी विवाद में मारपीट कर सिर फोड़ा

मसौढ़ी ! थाना क्षेत्र के नदौल रेलवे गुमटी की पास आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई है ।जिसमें एक व्यक्ति को मारकर सिर फोड़ दिया ।घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पचपन पर गांव निवासी हिमांशु कुमार नदौल रेलवे गुमटी के पास चौकर लाने के लिए गया था ।उसी समय नदौल गांव निवासी सूरज कुमार निरंजन उर्फ विला व सलेमपुर गांव निवासी अभिषेक कुमार इन सभी लोगों ने गाली गलौज करने लगा जब विरोध किया तो मारपीट कर सिर फोड़ दिया ।घायल व्यक्ति ने मसौढ़ी थाना में मारपीट की प्राथमिक दर्ज कराई है।

# अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा गया से 8.8 किलोग्राम मादक द्रव्य हाइड्रोपोनिक वीड्स मारिजुआना किया जब्त, एक यात्री को लिया हिरासत में

प्रात :किरण संवाददाता





पटना। सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतर्गत सीमा शुल्क अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा गया के अधिकारियों ने एक बड़ी करवाई करते हुए शनिवार (28.12.2024) को जाँच के दौरान बैंकॉक, थाईलैंड से आने वाले एक यात्री के केसूटकेश से 8.8 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड्स (मारिजुआना) मादक द्रव्य को बरामद किया,जिसे मादक द्रव्यों एवं मनोत्तेजक पदार्थ (एन० डी० पी० एस०) अधिनियम, 1985 के तहत जब्त कर लिया गया। इस मामले में यात्री को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है कब्जे किए गए हाइड्रोपोनिक वीड्स(मारिजुआना) का अनुमानित मूल्य रुपए 8.8 करोड़ है कि सीमा शुल्क (निवारण) पटना के द्वारा हाइड्रोपोनिक वीड्स(मारिजुआना) की ये सबसे बड़ी जब्ती है ' इतनी बड़ी जब्ती के लिए डॉयशोवर्धन पाठक, आयुक्त, सीमा शुल्क, पटना ने सीमा शुल्क अंतराष्ट्रीयहवाई अड्डा गया के अधिकारियों के कामयाबी को सराहा है। सीमा शुल्क अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा गया के अधिकारियों ने विदेश से आने वाले यात्रियों के सामानों के जाँच के दौरान बैंकॉक, थाईलैंड से आने वाले विमान संख्या ऊ्ब्र327 के एक यात्री सचिन नारायणी के सूटकेस के स्कैन के दौरान कुछ संदेहास्पद सामान दिखा ' इसके बाद सूटकेश को खुलवा कर जाँच किया गया ' जाँच में सूटकेश में वैकुम सील्ड प्लास्टिक पाउच में हाइड्रोपोनिक वीड्स ( मारिजुआना) को छुपा कर रखा गया था जिसे अधिकारियों ने मादक द्रव्योएवं मनोत्तेजक पदार्थ (एन० डी० पी० एस०) अधिनियम, 1985 के तहतजब्त कर लिया' सचिन नारायणी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रहीहै' सचिन नारायणी मूलतः विलाशपुर छतीसगढ़ के रहने वाला हैं। यह कार्रवाई सीमा शुल्क अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा गया के सहायक आयुक्त के नेतृत्व में अधीक्षकों एवं निरीक्षकों के द्वारा की गई' फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि उक्त हाइड्रोपोनिकवीड्स ( मारिजुआना) कहाँ ले जाया जा रहा था एवं इसके तस्करी में कौन -कौन लोग शामिल हैं' इसके लिए आगे अन्य विधि सम्मत जरुरीकरवाई की जा रही है। पिछले कुछ समय से सीमा शुल्क (निवारण) पटना के द्वारा तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाये जा रहे हैं। सीमा शुल्क(निवारण) पटना के आयुक्त ने बताया कि तस्करी के खिलाफ यहअभियान आगे भी जारी रहेगा तथा और भी अधिक प्रबलता से किया जाएगा एवं इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध सीमा शुल्कअधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने यह बताया कि विगत दिनों में प्रतिबंधित नशीले पदार्थों खासकर गांजा/हाइड्रोपोनिक वीड्स ( मारिजुआना) के अनेकों तस्करी के प्रयासों को नाकाम करते हुए इसकी जब्तियाँ की गई है ' इसके लिए उन्होंने विभाग केअधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए और भी अधिक चौकन्ने रहने के लिए कहा है ' साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूकता पर बल दिया' इसके अतिरिक्त अन्य विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले व्यक्तियों का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक अभियान में भविष्य में भी बेहतर समन्वय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनीगतिविधि पर पूर्णविराम लग सकेका आयुक्त ने यह बताया कि तस्करी विरोधी अभियान में सहयोग करने वाले विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं के अधिकारियों एवं सूचना देने वाले व्यक्तियों को सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गतप्रोत्साहन राशि देने का भी प्रावधान है।

# बीएयू के रेडियो चौराहा पर लगा है धातु निर्मित एक क्विंटल वजन का रेडियो



प्रात :किरण संवाददाता

पटना- बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर (भागलपुर) के सामुदायिक रेडियो की अनोखी पहल ढाई सौ एकड़ में फैले विश्वविद्यालय परिसर के आकर्षण का केन्द्र बना है. यहाँ लोग दिन हो या रात कार्यक्रम सुनते रहते हैं. विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशन के पास मुख्य मार्ग पर स्थापित धातु निर्मित लगभग एक क्विंटल वजन वाले पाँच फीट चौड़े और तीन फीट लम्बे इस अनोखे रेडियो को छात्र-किसान और कृषि वैज्ञानिक दूर-दूर से देखने-सुनने आते हैं. यह उनके लिए सेल्फी लेने का हॉट-स्पॉट भी बना हुआ है. यू-ट्यूबरों के बीच भी इसका गजब का क्रेज है. पूसा के बाद राज्य के दूसरे विश्वविद्यालय के रूप में वर्ष 2010 में स्थापित इस विश्वविद्यालय ने अपने नवाचारी प्रयासों से सामुदायिक रेडियो की उपयोगिता और उत्सुकता को सकारात्मक दिशा दी है. सामुदायिक रेडियो 90.8 एफएम ग्रीन के पांचवें स्थापना दिवस पर 5 अगस्त 2024 को इस अनोखे रेडियो सेट को लगाया गया. उल्लेखनीय है कि 5 अगस्त 2019 को एफ एम ग्रीन की स्थापना हुई थी. 90.8 एफएम ग्रीन ब्राण्ड नाम वाले भागलपुर के इस सामुदायिक रेडियो स्टेशन से चौबीस घंटे प्रसारण होता है. इसमें लगभग आधे कार्यक्रम कृषि आधारित होते है जिसमें किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकों की जानकारी, पशुपालन, चारा उत्पादन, सामाजिक सहभागिता, पराली प्रबंधन, मशरुम की खेती एवं कचरा प्रबंधन के बारे में अद्यतन जानकारी दी जाती है. इसके अलावा, लगभग एक तिहाई प्रसारण सामाजिक विषयों और ज्ञान-विज्ञान पर आधारित होते हैं. शेष भाग में स्थानीय भाषा-संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम होते हैं. इस सामुदायिक रेडियो के प्रबंधन ने अब स्वास्थ्य संबंधी जागरूकतापरक कार्यक्रम बनाने और उसे प्रसारित करने की भी योजना बनायी है. इसके तहत चिकित्सकों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और स्वास्थ्य अधिकारियों से विशेष साक्षात्कार, स्वास्थ्य संबंधी अद्यतन सूचनाओं का प्रसारण तथा रोग विशेष के कारण और निदान पर केन्द्रित विशेष कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाएगा। रेडियो सेट पर लगा है बार कोड और एलईडी लाइट सामुदायिक रेडियो 90.8 एफएम ग्रीन के केन्द्र प्रभारी एवं प्रस्तुतकर्ता इश्वर चन्द्र बताते हैं कि इस रेडियो सेट पर बारकोड लगा है जिसे कोई भी आसानी से स्कैन कर हमारे पोडकास्ट को कभी भी और कहीं भी अपने मोबाइल पर सुन सकता है. इसमें एलईडी लाइट लगे हैं जिससे अँधेरे में भी यह चमकता रहता है।

# समाजसेवी व धर्मानुरागियों ने किशोर कुणाल को दी श्रद्धांजलि

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना जंक्शन महावीर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष, जल्ला श्री महावीर मंदिर के संरक्षक, पूर्व आईपीएस अधिकारी, महावीर कैंसर अस्पताल पटना और महावीर वात्सल्य अस्पताल पटना के संस्थापक, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के पूर्व अध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं से जुड़े आचार्य किशोर कुणाल के आकस्मिक निधन से सामाजिक कार्यकर्ता एवं धमार्नुरागी स्तब्ध हैं। शोक की घड़ी में पाटलिपुत्र परिषद, इंडियन रेडक्रॉस पटना सिटी शाखा, सनातन धर्म सभा, मारवाड़ी महिला समिति, रोटरी सिटी सम्राट, गंगा सेवा समिति सहित अन्य संस्थाओं के सदस्यों ने गांधी सरोवर स्थित रेडक्रॉस परिसर में मौन धारण एवं ओम शांति मंत्र का पाठ कर श्रद्धांजलि दी। शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर के महंत विजय शंकर गिरी, शास्त्रोपासक डॉ चंद्रभूषण मिश्रा, पंडित संतोष पांडेय शास्त्री, श्री छोटी पटनदेवी के पीठाधीश आचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी, विवेक द्विवेदी, श्री शीतला माता मंदिर के पुजारी पंकज पुजारी, सुनील पुजारी, श्री प्राचीन काली मंदिर दिरापार के आचार्य शशिकांत मिश्रा आदि ने श्री किशोर कुणाल के आकस्मिक निधन से भाषा स्तब्ध है उन्होंने कहा कि वे धर्म के मार्ग पर चले। उसमें सुधार और गरीबों के कल्याण के लिए उन्होंने अनेक कार्य किए, जो वर्षों तक याद किए जाएंगे। पाटलिपुत्र परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव ने बताया कि कुणाल जी ने अपना जीवन गरीबों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उनका योगदान, विशेषकर महावीर कैंसर अस्पताल, नेत्रालय और महावीर वात्सल्य अस्पताल जैसे संस्थानों के माध्यम से समाज की सेवा में अद्वितीय रहा। उनके आकस्मिक निधन की खबर से हम सब मर्माहत हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति दें। मौके पर सनातन धर्म सभा एवं पाटलिपुत्र परिषद के अध्यक्ष डॉ टीपी गोलवारा, रेडक्रॉस पटना सिटी शाखा के चेयरमैन गोविंद कानोडिया, संजय सिन्हा, शिव प्रसाद मोदी, मारवाड़ी महिला समिति अध्यक्ष इन्दु अग्रवाल, काजल सिंघानिया, तारा झुनझुनावाला, डॉ राजीव गंगौल, आनंद कुमार, प्रदीप बरेलिया, बलराम माथुरी, विनय प्रसाद, राजेश कानोडिया, अरुण मिश्रा, पप्पू मोदी , मो नैयर इकबाल, नरेश सुल्तानिया, ज्ञान प्रकाश आदि समाजसेवी शामिल हुए।

# आप हमें ताकत दें, वह समाज को अगली पंक्ति में लाएंगे : सम्राट चौधरी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



जिस तरह से परिवार के बीच मिलने का काम करते हैं, उसी तरह से राजनीति में माहौल भी आपको बनाना है। नेताओं से अंधा प्यार करना होगा। समाज में जाति के लोग खून होता है। उसमें कोई किंतु-परंतु नहीं करना चाहिए। राजनीति में कौन समाज को आगे बढ़ाने का काम करेगा, यह आप सभी को तय करना है। हमारी कोशिश है कि समाज को मुख्य धारा में लाकर और उसे अगली पंक्ति में लाना है। यह बात बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कुशवाहा कल्याण परिषद के द्वारा आयोजित 51वां पारिवारिक मिलन समारोह सह वन भोज कार्यक्रम में महात्मा ज्योति राव फूले पार्क में रविवार को बोल रहे थे। श्री चौधरी ने कहा कि समाज को अगली पंक्ति लाने का सपना तभी पूरा होगा, जब आप अपने समाज के नेताओं से अंधा प्यार करेंगे। जिस तरीके से आप पति-पत्नी और बच्चों से प्रेम करते हैं, उसी तरीके से नेता को भी अपना कर अपना अंग और परिवार बनाना होगा। उसे ताकत देनी होगी। हर नेता हर काम को पूरा नहीं कर सकता। हर किसी की आशाओं पर वह खरा नहीं उतर सकता। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समाज की समस्याओं को समाप्त किया है, मगर कुछ बाकी है। आपका स्नेह और प्यार इस बार भी एनडीए को मिलेगा। यह समाज राजनीति में पिछड़ा है। यह समाज मुख्यधारा में है और अगली पंक्ति में होगा। कुछ लोग ऐसे हैं, जो आपके रास्ते में कांटा बिछाने का काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों को आप सब भलीभांति जानते हैं। उन्हें भारतीय जनता पार्टी ने बहुत कुछ देने का काम किया है। विधानसभा में विरोधी दल का नेता, पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री बनाने का काम किया है। हालांकि यही कारण रहा कि महागठबंधन को 2019 के चुनाव में कुशवाहा समाज से न तो प्रत्याशी मिल रहा था और न कोई प्रत्याशी बनने के लिए आ रहा था। वह तो सम्राट चौधरी था, जिसके कारण महागठबंधन को नौ प्रत्याशी उतारने के लिए मजबूर होना पड़ा। जरूरत है कि आज समाज के लोगों को आर्थिक और सामाजिक रूप से खड़ा किया जाए। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि केंद्र और बिहार सरकार की सहमति से बाल्मीकि नगर में लव-कुश का स्मारक 1शसौ करोड़ की लागत से बनने जा रहा है। साथ ही मां सीता की जन्म भूमि सीतामढ़ी के उस स्थान को भी विकसित कर सौंदर्यीकरण का काम किया जा रहा है। इस दौरान समाज के पूर्व महापौर संतोष मेहता, रूपनारायण मेहता, नरेश मेहता, निशिकांत सिन्हा और राधेश्याम ने भी अपनी बातों को रखा। मंच पर समाज के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। समाज के अति विशिष्ट व्यक्तियों, शिक्षा और सांस्कृतिक कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भगवान प्रसाद स्मृति सम्मान देकर सम्मानित किया गया। समाज के डॉ सुदेश कुमार ने स्वास्थ्य शिविर लगाया। मेधावी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन में सफल बच्चे-बच्चियों को प्रमाण पत्र और मेडल भी प्रदान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कुशवाहा कल्याण परिषद के अध्यक्ष शंकर मेहता ने कहा कि जल्द ही समाज के आर्थिक रूप से कमजोर युवक-युवतियों का सामूहिक विवाह कराया जाएगा।

# डिप्लोमा फार्मासिस्टों के पद पर नियुक्ति को निकाला मशाल जुलूस

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



डिप्लोमा फार्मासिस्ट आर्गनाइजेशन छात्र संघ, बिहार की ओर से डिप्लोमा फार्मासिस्ट हाथ में जलता मशाल और पोस्टर व बैनर लेकर बिहार तकनीकी सेवा आयोग के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। रविवार की शाम में छात्र संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि यह विरोध प्रदर्शन डिप्लोमा फार्मासिस्टों के 2,473 पदों पर नियमित नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशन में हो रहे विलंब के कारण किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बिहार तकनीकी सेवा आयोग को अधियाचना भेजे हुए लगभग दो माह बीतने को है, लेकिन आयोग के द्वारा अभी तक विज्ञापन प्रकाशित नहीं की गई है। इस बात से डिप्लोमा फार्मासिस्टों में रोष है। यदि 10 दिनों के अंदर बिहार तकनीकी सेवा आयोग विज्ञापन प्रकाशित नहीं करता है, तो मजबूरन डिप्लोमा फार्मासिस्टों को आयोग कार्यालय का घेराव कर धरना व प्रदर्शन किया जाएगा ।बताते चलें कि यह बहाली बिहार फार्मासिस्ट संवर्ग (संशोधन) नियमावली 2024 के अनुसार 75 अंकों की लिखित प्रतियोगिता परीक्षा एवं 25 अंक अनुभव के देय है और बी फार्म एवं एम फार्म उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को भी डिप्लोमा इन फामेर्सी उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। पटना उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार को आदेश दिया गया था कि लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद तीन माह के अंदर सिर्फ डिप्लोमा फार्मासिस्टों की नियमित नियुक्ति हेतु नया विज्ञापन प्रकाशित कर नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए, लेकिन चुनाव खत्म हुए लगभग छह माह हो गया, मगर अभी तक नियमित नियुक्ति को विज्ञापन तक प्रकाशित नहीं किया गया है। ससमय उच्च न्यायालय के आदेश का पालन नहीं होने पर अवमानना वाद याचिका भी दायर की गई है। राज्य में पिछले 18 वर्षों से डिप्लोमा फार्मासिस्टों की नियमित नियुक्ति नहीं हुई है। आखिरी बार विज्ञापन वर्ष 2006 में प्रकाशित हुई थी। प्रदर्शन में संघ के रजत, कपिल, विकाश, अमित, विकेश, अभिषेक, मनीष, हरे राम, चेतन, विवेक, शुभम, कन्हैया, राजा, संकित, अमित, धर्मेंद्र, महाबली, सुधाकर, श्रवण, अभिज्ञान, सूर्यकांत, अभिनंदन, प्रवीण आदि शामिल थे।

# सिख गुरुओं के किए कार्य, इतिहास व बलिदान बच्चों को बताएं



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

धर्म की रक्षा, न्याय और सच का साथ देने के लिए चार साहिबजादों को उनकी दादी मां (माता गुजरी) ने नवम पातशाह व दादा गुरु तेग बहादुर जी, परदादा हरगोविंद जी के जंग जोत की कथा सुना कर उनमें धर्म, न्याय और सच की रक्षा करने का जज्बा पैदा कराने का काम किया। यही कारण रहा कि दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों ने धर्म व न्याय की रक्षा और सच के लिए अपनी शहादत देने का काम किया। यह बात श्री फतेहगढ़ साहिब सरहिंद से आए हेड ग्रंथी ज्ञानी हरपाल सिंह और तख्तश्री पटना साहिब के कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह ने अपनी कथा के दौरान गुरुद्वारा बाललीला में रविवार की रात कही। गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में जत्थेदार संत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले व बाबा सुखविंदर सिंह के निर्देश पर रविवार को विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया था। गुरुद्वारा के प्रमुख बाबा गुरविंदर सिंह ने आगत कथावाचक, रागी सहित अन्य संत महापुरुषों का वंदन किया। शाम पांच बजे रहिरास साहब का पाठ शुरू हुआ। इसके बाद तीन ग्रुप में बच्चों को गुरमत के बारे में प्रतियोगिता कराई गई। बच्चों ने कुबार्नी की कविता, गुरु महाराज और उनके साहिबजादों का यशगान किया। साथ ही बैराग्यमय कविता का गायन भी पेश किया। तख्तश्री पटना साहिब के हजूरी रागी भाई ज्ञान सिंह ने कीर्तन पेश किया। इनके बाद श्री अमृतसर के दरबार साहिब से आए रागी जत्था भाई गुरमेल सिंह ने भी कीर्तन से संगतों को निहाल कराया। इसके बाद पंजाब के सरहिंद के श्री फतेहगढ़ साहिब के हेड ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी हरपाल सिंह ने चारों साहिबजादे की शहादत पर कथा कही। उन्होंने शहादत की कथा कहते हुए बताया कि कैसे इन सबों को दीवारों में चुनवाया गया। साहिबजादों के शहादत का कारण एवं उसके बाद का माहौल का बयान किया गया। शहादत से शिक्षा लेने की बात उन्होंने आज के बच्चों, युवाओं से लेकर हर आयु वर्ग के लोगों को कही। इसके बाद कथा तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह ने कही। दोनों कथावाचक ने कहा कि कैसे इन साहिबजादों की दादी माता गुजरी ने गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के साहिबजादों को दादा गुरु तेग बहादुर जी की शहादत का प्रसंग सुनाया। इसके बाद परदादा हरगोविंद सिंह जी के जंग जोत की कथा भी उन सबों को सुनाई। इसके पूर्व के श्री अर्जुन देव जी को तपती तबा पर बैठा कर शहीद कराया गया। यह सब पोतों को बताया और समझाया गया। यही कारण रहा कि साहिबजादों ने भी अपने पूर्वजों के शहादत की परंपरा का सम्मान करते धर्म की रक्षा रक्षा के लिए अपने प्राणों का न्योछावर कर दिया। दरबार साहिब में ही प्रतियोगिता में भाग लिए और विजय बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। आयोजन में जत्थेदार बाबा सुखविंदर सिंह, बाबा गुरविंदर सिंह, बाबा गुरबंत सिंह, सुक्खा सिंह वालिया, राजन सिंह, प्रेम सिंह, गुरसिमरन सिंह सोनू आदि सक्रिय थे।

# रक्तदान करने वाले 40 युवाओं को अटल रक्तवीर सम्मान



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जन सेवी संस्था श्री पटनदेवी जी गो मानस सेवा संस्थानम् के तत्वावधान में थैलेसीमिया, डेंगू, कैंसर और हृदय रोग से पीड़ित मरीजों के सहायतार्थ युवाओं के प्रेरणास्त्रोत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक पंडित मदन मोहन मालवीय के जन्म शताब्दी पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में बाबा अभिषेक एवं विवेक द्विवेदी ने श्री निवास खर्द, मानस चतुवेर्दी, अरुण खत्री, रिंटू भदानी, अनिल पप्पू, पियूष पांडेय, सचिन लोहनी, आदित्य कुमार, रजनीकांत गिरी, निक्की गिरी, रोहित गिरि, अनुज राज नामा, मो शाहनवाज, रणधीर कुमार, हर्षिता कस्तूरी, आयुष खत्री, नंदिता कपसिमे, नीतू लोहनी, गीता अठघरा, मनोज ठघरा, संतोष पांडेय, रंजीत यादव, संजीत यादव सहित 41 रक्तवीरों को अटल रक्त वीर सम्मान से सम्मानित किया गया। दस युवाओं ने अपने जीवन का पहला रक्तदान किया। यह जानकारी संस्थान के संयोजक संतोष पांडेय और उदय शंकर शर्मा ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में दिया।

# आईआईटी पटना में 7वें इंटर आईआईटी कल्चरल मीट का हुआ समापन

## देश के विभिन्न आईआईटी से आए प्रतिभागियों ने प्रस्तुति से मोहा मन

प्रात :किरण संवाददाता



बिहटा : आईआईटी पटना में चल रहे 7वें इंटर आईआईटी कल्चरल मीट के चौथे और अंतिम दिन देशभर के विभिन्न आईआईटी से आए छात्रों का उत्साह अपने चरम पर रहा। यह भव्य आयोजन आईआईटी पटना परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया ।आखिरी दिन के कार्यक्रमों में 51 घंटे की फिल्म स्क्रीनिंग, स्टेज प्ले, कास्ट्यूम डिजाइन, स्ट्रीट बैटल, टीएलसी क्विज, फैशन शो जैसे प्रमुख और रोमांचक आयोजन शामिल थे। इन कार्यक्रमों ने आयोजन के अंतिम दिन को और भी अद्भुत और यादगार बना दिया। टीएलसी क्विज में प्रतिभागियों ने अपनी गहरी जानकारी और मानसिक कौशल का शानदार परिचय दिया। विभिन्न विषयों पर आधारित इस प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी बारीकी से समझ और जानकारी साझा की. वहीं, स्ट्रीट बैटल में छात्रों ने अपनी शानदार परफॉर्मेंस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य, संगीत और स्ट्रीट आर्ट का अद्भुत मिश्रण दर्शकों को एक नई ऊर्जा से भर गया, और यह कार्यक्रम सभी के दिलों में अपनी छाप छोड़ा। फैशन शो में छात्रों ने अपनी क्रिएटिविटी और फैशन सेंस का बेहतरीन संगम प्रस्तुत किया। इस शो में पारंपरिक और आधुनिक फैशन का अद्भुत संयोजन देखने को मिला ।समापन समारोह में आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टी.एन. सिंह ने इस भव्य आयोजन के सफलतापूर्वक संचालन के लिए आयोजन समिति की सराहना की और सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को भी सराहा । उन्होंने इस आयोजन को छात्रों के बीच सामूहिकता और भाईचारे को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण मंच बताया और इसे एक यादगार अनुभव बताया ।समारोह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और टीमों को सम्मानित भी किया गया। आईआईटी पटना के स्टूडेंट अफेयर के एसोसिएट डीन, डॉ. पी.के. तिवारी ने कहा, ह्यइस वर्ष लगभग 3500 छात्र, जो देशभर के 23 आईआईटी से आए थे, ने इस इंटर आईआईटी कल्चरल मीट 7.0 का हिस्सा बनकर इसे सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

# श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर में हुआ संगत पंगत का आयोजन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री चित्रगुप्त आदि मन्दिर परिसर में स्थित सभागार में प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ आरके सिन्हा द्वारा संचालित संगत पंगत की मासिक बैठक हुई। संयोजन अरविंद सिन्हा ने किया। मंच पर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष निर्मल कुमार श्रीवास्तव, महासचिव सुदामा प्रसाद सिन्हा, नवीन सिन्हा, डा एनपी नारायण, योगेन्द्र श्रीवास्तव आदि मौजूद थे। शुरूआत श्री चित्रगुप्त आरती एवं वन्दना से हुई। इसके बाद संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति विभिन्न कलाकारों द्वारा दी गई। दो बच्चों ईशानवी और अंशिका सिन्हा ने गायन पेश कर समा बांधा, तो पायल सिन्हा, सुनील सिन्हा और रीना सिन्हा ने भी अपनी प्रस्तुति दी। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष निर्मल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि संगत पंगत के कुछ उद्देश्य हैं और कायस्थ समाज को एक नई दिशा देने में लगा है। अरविंद सिन्हा ने दैनिक समर्पण के महत्व को बताया और लोग को प्रतिदिन भगवान के नाम पर कुछ भी राशि जमा करने की अपील की। सुदामा प्रसाद सिन्हा ने मंदिर के महत्व और इसे इतिहास से लोगो को विस्तृत बताया। अंत में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इसमें आनंद प्रसाद, मनोज कुमार मनोज, नवल सिन्हा, राजेश सिन्हा, केशव श्रीवास्तव, राकेश कुमार सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

# आत्मिक संघर्ष की कहानी है मरणोपरांत : राजेश राजा

प्रात :किरण संवाददाता



पटना,पिछले 12 वर्षों से रंगकर्म के क्षेत्र में सक्रिय पटना की नाट्य संस्था विश्वा दो दिवसीय नाट्य महोत्सव विश्वोत्सव 2024-25 का आयोजन कर रही है, जिसमे आज संध्या 6:30 बजे, रंग मार्च स्टूडियो, एस. पी. वर्मा रोड, पटना में सुरेन्द्र वर्मा लिखित नाटक ह्ल मरणोपरांत ह्ल की प्रस्तुति की गई, जिसका निर्देशन राजेश राजा ने किया ।ह्लमरणोपरांत नाटक एक आत्मिक और मानसिक संघर्ष की गहरी दुनिया में जाती है । यह कहानी एक पति और उसकी पत्नी के प्रेमी के मानसिक संघर्ष पर आधारित है, जब उसकी पत्नी की मौत एक दुर्घटना से हो जाता है। यह नाटक प्रेम, विश्वास, और आत्मविश्वास के संघर्ष को दशार्ती है, जिसमें पति का दर्द और उसके पत्नी के प्रेमी का आत्म-संघर्ष जीवंत हो जाता है ।मरणोपरांत एक मानसिक व्यक्तिगत यात्रा का परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करता है, जो हमें आपसी संबंधों और आत्म-समझौते के महत्वपूर्ण पहलुओं को समझने के लिए इच्छुक करता है। यह नाटक भावनाओं का संघर्ष और मानसिक उबाल का अद्वितीय और गहरा दृश्य है, जो वास्तविकता के साथ झूमता है। मंच पर पंकज प्रभात एवं ऋषि गौतम हैं, जबकि मंच परे प्रकाश परिकल्पना : राजीव रॉय, पार्श्व ध्वनि : राहुल आर्यन,रूप सज्जा : तन्नु आश्मी ,वस्त्र विन्यास : पंकज कुमार तिवारी एवं संजीव कुमार,मंच निर्माण : सुनील जी ,सहयोग : दीपक कुमार मंच व्यवस्था : पंकज प्रभात एवं ऋषि गौतम,पूर्वाभ्यास प्रभारी : शशांक शेखर एवं अभिषेक मेहता,प्रस्तुति : विश्वा, पटना,लेखक : सुरेन्द्र वर्मानिर्देशन : राजेश राजा का है ।अंत में नाट्य संस्था रंग मार्च एवं पटना के तमाम रंगकर्मियों एवं मीडिया कमीर्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# गुरुपर्व में आने वाली संगत को मिलेगी सुविधा, करें सहयोग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व में शामिल होने वाली संगतों को सुविधा मिलेगी। इसके लिए मिलजुल कर कार्य करने का संकल्प चौक थाना में आयोजित शांति समिति व प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक में रविवार को लिया गया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने की। बैठक में वरीय पुलिस निरीक्षक कमलेश मिश्र, पटना साहिब जीआरपी थानाध्यक्ष मनोज कुमार उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित लोगों से थानाध्यक्ष ने संगतों की सुविधा व सुरक्षा के लिए सहयोग करने की अपील की। इस दौरान अधिकारियों ने स्टेशन से लेकर तख्त साहिब के बीच हुए संगत की सुरक्षा के लिए किए गए प्रशासनिक तैयारी से भी अवगत कराया। वहीं पटना साहिब स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुरुपर्व को लेकर विशेष पुलिस बल की तैनाती की गयी है, जो 24 घंटे कार्य करेगी। चार से छह जनवरी के बीच सिटी स्कूल के पास, कंगन घाट चौराहा व किला रोड में गाड़ियों की आवाजाही नहीं होगी। वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था सिटी स्कूल और कंगन घाट के पास की गयी है। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर भी कार्य होगा। बैठक में हरिमोहन यादव, रामजी योगेश, प्रफुल्ल पांडेय, राजेश शुक्ला, डॉ राजीव गंगौल, दया सिंह, गुरविंदर सिंह, हरजीत सिंह, अजय कुमार सिंह, आफताब आलम, विजय कुमार सिन्हा, शशिशेखर रस्तोगी, आलोक रंजन, प्रदीप काश, जयहिंद सिंह, रौशन मेहता, नवल किशोर सिन्हा, प्रभात जायसवाल, बिट्टू चंद्रवंशी, संजीव सिन्हा, राम नारायण, शरद कुमार आदि उपस्थित थे।

# आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर राजनीतिक दलों ने जताया शोक

## एक सामाजिक योद्धा और सनातन के सपूत थे आचार्य कुणालः विजय



पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि कि आचार्य कुणाल कर्म के धर्म और धर्म के मर्म को जीवंत करने वाले व्यक्तित्व थे। इसलिए वे प्रशासन और परंपरा दोनों क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण योगदान करने में सफल रहे। श्री सिन्हा ने कहा कि कुणाल जी ने सामान्य पृष्ठभूमि से निकलकर अपने पुरुषार्थ के बल पर अपनी पहचान बनाई थी। एक ईमानदार पुलिस अधिकारी के रूप में वे जितने लोकप्रिय थे, उतना ही बड़ा योगदान उन्होंने जनसेवा के क्षेत्र में दिया। महावीर कैंसर संस्थान के माध्यम से असाध्य रोग से ग्रस्त आम आदमी के लिए उम्मीद की किरण लेकर आए। श्री सिन्हा ने कहा कि शासन और सेवा में अमूल्य योगदान देने वाले कुणाल जी की बड़ी पहचान शास्त्र और सनातन परंपरा के क्षेत्र में भी रही। वे स्वयं तो शास्त्रों के ज्ञाता रहे ही साथ ही शास्त्रीय परम्परा को समाज के सबसे वंचित तबके तक ले जाने का प्रयास उन्होंने किया। महावीर मंदिर की स्थापना के बाद उसमें काफी विरोध झेलते हुए भी एक दलित को वहां का प्रधान पुजारी बनवाया। साथ ही वे चंपारण में प्रस्तावित दुनिया के सबसे बड़े मंदिर के भी प्रमुख योजनाकार थे। सही मायने में कुणाल जी एक सामाजिक योद्धा और सनातन के सच्चे सपूत थे।

## किशोर कुणाल ने मानव सेवा का अतुलनीय उदाहरण पेश किया : उमेश



पटना। बिहार जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को बयान जारी कर पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं महावीर मंदिर ट्रस्ट के संस्थापक सचिव आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि श्री किशोर कुणाल जीवनपर्यंत सामाजिक और धार्मिक कार्यों से जुड़े रहें। महावीर मंदिर ट्रस्ट के माध्यम से उन्होंने सेवा परमो धर्मः के मुलमंत्र को चरितार्थ कर मानव सेवा का अतुलनीय उदाहरण पेश किया। साथ ही शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि श्री किशोर कुणाल का देहावसान पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है, उनके निधन से बिहार ने एक सच्चा समाजसेवक खो दिया है। उन्होंने शोक-संवेदना जताते हुए कहा कि परमपिता परमेश्वर पुण्य आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें और उनके परिवारजनों को इस कठिन समय में अपार दुःख सहने की ताकत दें।

वहीं, विधान पार्षद एवं जनता दल यू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि किशोर कुणाल जी को विनम्र श्रद्धांजलि। नीरज कुमार ने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल जी के निधन की खबर से गहरा दुख हुआ। आज सुबह हार्ट अटैक के कारण उनका निधन हो गया। उनका जीवन समाज, धर्म और चिकित्सा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान से भरा हुआ था। उनके योगदान की चर्चा करते हुए नीरज कुमार ने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल जी ने बाबरी विवाद में अपनी मध्यस्थता से देश को शांति और सामंजस्य का संदेश दिया था। अयोध्या मंदिर के प्रति उनका समर्पण और पटना में महावीर कैंसर संस्थान एवं महावीर वात्सल्य अस्पताल जैसी संस्थाओं की स्थापना उनके सेवा भाव और दूरदर्शिता का प्रतीक है। नीरज कुमार ने आगे कहा कि उनका जाना समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार एवं शुभचिंतकों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति दें।

## कस्टम ने 8.8 करोड़ की कीमत का गांजा किया जब्त

### गया एयरपोर्ट से थाईलैंड की फ्लाइट से पहुंचे यात्री को अधिकारियों ने दबोचा

पटना, प्रातः किरण संवाददाता



गया एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने शनिवार को बैंकॉक से पहुंचे एक यात्री के पास से 8.8 करोड़ रुपये से अधिक कीमत का हाइड्रोपोनिक वीड मारिजुआना (गांजा) जब्त किया। इसकी कीमत 8.8 करोड़ रुपये से अधिक बतायी जा रही है। इसके साथ छत्तीसगढ़ विलासपुर के रहने वाले एक तस्कर सचिन नारायणी को भी गिरफ्तार किया गया। कस्टम अधिकारियों ने खुफिया सूचनाओं के आधार पर यात्री की प्रोफाइलिंग की और आगे की जांच करने पर यात्री के ट्रॉली बैग के अंदर सील प्लास्टिक पाउच में छिपाकर रखा गया गांजा बरामद किया। इंटरनेशनल बाजार में इसकी कीमत एक किलोग्राम की एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। गया एयरपोर्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ विलासपुर का रहने वाला सचिन नारायणी शनिवार की दोपहर 12:40 बजे थाईलैंड की फ्लाइट टीजी 327 से गया एयरपोर्ट पहुंचा। एयरपोर्ट टर्मिनल एरिया से बाहर निकलने के दौरान उसकी जांच की गई। जांच के दौरान कस्टम के अधिकारियों ने उसके ट्रॉली बैग से गांजे को बरामद किया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। कस्टम अधिकारी हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रहे हैं। इस मामले पर पटना के सीमा शुल्क (निवारण) आयुक्त डॉ यशोवर्धन पाठक ने बताया कि गया एयरपोर्ट पर छत्तीसगढ़ विलासपुर के सचिन नारायणी को 8.8 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (मारिजुआना) के साथ गिरफ्तार किया गया। बाजार में इसका मूल्य लगभग 8.8 करोड़ है। यह थाईलैंड की फ्लाइट से बैंकाक से लेकर गया आया था। चेक-इन सामान की स्क्रीनिंग के दौरान इसे पकड़ा गया। उससे पूछताछ की जा रही है। इस गतिविधि में शामिल तस्करों के गिरोह तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। इस पूरे प्रकरण का अहम पहलू यह है कि सीमा शुल्क अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा गया के अधिकारियों ने विदेश से आने वाले यात्रियों के सामानों के जाँच के दौरान बैंकॉक, थाईलैंड से आने वाले विमान संख्या TG 327 के एक यात्री सचिन नारायणी के सूटकेश के स्कैन के दौरान कुछ संदेहास्पद सामान दिखा। इसके बाद सूटकेस को खुलवाकर जाँच किया गया। जाँच में सूटकेश में वैकुम सील्ड प्लास्टिक पाउच में हाइड्रोपोनिक वीड्स (मारिजुआना) को छुपा कर रखा गया था। जिसे अधिकारियों ने मादक द्रव्यो एवं मनोतेजक पदार्थ अधिनियम, 1985 के तहत जब्त कर लिया। सचिन नारायणी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सचिन नारायणी मूलतः विलासपुर छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। यह करवाई सीमा शुल्क अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा गया के सहायक आयुक्त के नेतृत्व में अधीक्षकों एवं निरीक्षकों के द्वारा की गई। फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि उक्त हाइड्रोपोनिक वीड्स (मारिजुआना) कहाँ ले जाया जा रहा था एवं इसके तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं। इसके लिए आगे अन्य विधि सम्मत जरुरी करवाई की जा रही है।

## उन्मादी बयान देकर समाज में नफरत फैलाने का प्रयास : अरुण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने भाजपा के विधायक कुमार शैलेंद्र द्वारा दिये गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एक जाति, धर्म विशेष पर इस तरह का बयान देकर भाजपा विधायक कुमार शैलेंद्र ने घृणित मानसिकता का परिचय देते हुए संविधान और संसदीय लोकतंत्र की गरिमा को शर्मसार करने का काम किया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा विधायक कुमार शैलेंद्र ने जाति, धर्म के विरुद्ध उन्मादी बयान देकर समाज में नफरत फैलाने का प्रयास कर रहा है। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ कर राजनैतिक रोटी सेंकना चाहता है। शैलेंद्र के इस घृणित बयान से समाज का बहुत बड़ा वर्ग आहत हुआ है। इसलिए घृणित व उन्मादी बयान के लिए नीतीश सरकार अविलंब कार्रवाई करे। राजद प्रवक्ता ने कहा कि कुमार शैलेंद्र पर शासन प्रशासन कार्रवाई अगर नहीं करती है तो समझा जाएगा कि भाजपा के तर्ज पर सरकार ने भी भाजपाई विधायक को समाज में घृणा और नफरत फैलाने का खुली छूट दे रखी है।

## प्रदर्शन कर रहे बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज



पटना। राजधानी के जेपी गोलंबर के पास प्रदर्शन कर रहे बीपीएससी अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज के साथ साथ वाटरकैनन से पानी का बौछार किया। दरअसल, पुलिस जेपी गोलंबर पर प्रदर्शन कर रहे छात्र को हटने को कह रहे थे। लेकिन छात्र सीएम से मिलने पर अड़े हुए थे। उनका कहना था कि जबतक सीएम से हम लोगों की मुलाकात नहीं होती है हम सड़क पर ही बैठे रहेंगे। इसके पुलिस की ओर से बल का प्रयोग किया गया। इससे पहले गांधी मैदान से बीपीएससी अभ्यर्थियों ने अपना मार्च निकाला। पटना पुलिस ने इनके मार्च को पटना के जेपी गोलंबर के पास पहले रोका था। लेकिन छात्र जेपी गोलंबर को पास की बैरिकेडिंग को तोड़कर डाकबंगला चौराहे की बढ़ने का प्रयास कर रहे थे। इस मार्च में जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर भी शामिल हुए। अभ्यर्थियों हजारों की संख्या में गांधी मैदान के गांधी मूर्ति के नीचे पहले छात्र संसद लगाया। इसके बाद आम सहमति के बाद छात्र पटना की सड़कों पर मार्च लेकर निकले। इनके मार्च को पटना के जेपी गोलंबर के पास रोक दिया गया। बीपीएससी अभ्यर्थी जेपी गोलंबर के पास ही धरना पर बैठ गए। इनके साथ प्रशांत किशोर भी धरना पर बैठें। प्रदर्शन कर रहे छात्र बीपीएससी की परीक्षा को रद्द करने की मांग के साथ-साथ नॉर्मलाइजेशन को भी रद्द करने की मांग कर रहे हैं। छात्रों को कहना है कि कुछ दिन पहले जो परीक्षा ली गई थी उसे रद्द कर फिर से परीक्षा आयोजित कराई जाए, जबकि बीपीएससी सिर्फ उसी एक केंद्र पर इस परीक्षा को दोबारा से आयोजित कराने के लिए तैयार हैं जहां पर परीक्षा के दौरान गड़बड़ी होने की बात सामने आई थी। 25 दिसंबर को भी छात्रों पर हुआ था लाठीचार्ज : कुछ दिनों से छात्रों का बीपीएससी को लेकर लगातार गुस्सा दिख रहा है। पिछले 11 दिनों से बीपीएससी अभ्याार्थी पटना के गर्दनीबाग इलाके में लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों का विरोध प्रदर्शन 25 दिसंबर को भी जारी था, जिसे रोकने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज भी करना पड़ा था। इस लाठीचार्ज में कई छात्रों को गंभीर चोटें भी आई थी।

## किशोर कुणाल एकदम परफेक्शनिस्ट थे जबतक कोई कंटेंट एकदम से परफेक्ट न हो जाए

### महावीर मंदिर न्यास के जनसंपर्क विभाग ने भावुक संदेश जारी किया



पटना। महावीर मंदिर न्यास के सचिव और आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल की रविवार को मृत्यु हो गई। इस पर महावीर मंदिर न्यास के जनसंपर्क विभाग के अधिकारी विवेक विकास ने एक भावुक कर देने वाला प्रेस रिलीज जारी किया, जो अपने और आचार्य किशोर कुणाल के बीत संबंधों के बारे में था। उन्होंने प्रेस रिलीज की शुरूआत करते हुए लिखा कि मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि आचार्य किशोर कुणाल के नहीं होने की खबर मैं मीडिया को दूंगा। लेकिन अब यह हकीकत है। मैंने चार वर्षों पूर्व महावीर मंदिर न्यास के जनसम्पर्क अधिकारी के रूप में योगदान दिया था। मेरी रिपोर्टिंग आचार्य किशोर कुणाल को ही होती थी। उनके मार्गदर्शन में मैं महावीर मंदिर समेत न्यास के विभिन्न प्रकल्प जैसे विराट रामायण मंदिर, महावीर कैंसर संस्थान समेत सभी महावीर अस्पताल, राम रसोई, सीता रसोई आदि की रचनात्मक और विकासात्मक खबरों को मीडिया तक पहुंचाता था। आचार्य किशोर कुणाल एकदम परफेक्शनिस्ट थे। जबतक कोई कंटेंट एकदम से परफेक्ट न हो जाए, उसे अप्रूव नहीं करते। मैंने देश के बड़े समाचार समूहों के साथ प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक दोनों मीडिया में लगभग डेढ़ दशक तक काम किया है। लेकिन आचार्य किशोर कुणाल के साथ काम करके मैंने अनुभव किया कि उन्हें खबरों की समझ कई बार अधिक होती थी। एक मझे हुए पत्रकार की तरह वे न्यूज एंगल जानते थे। एक-एक मिनट समय का कैसे उपयोग किया जाए, इसके वे एक नायाब उदाहरण थे।

आचार्य किशोर कुणाल बहुत संवेदनशील थे

महावीर मंदिर के अस्पतालों में गरीब मरीजों के प्रति आचार्य किशोर कुणाल बहुत संवेदनशील थे। मैंने कई बार अस्पताल के पदाधिकारियों को इस बात के लिए फटकार लगाते देखा कि उन्होंने अपेक्षा अनुरूप मरीजों को रियायत नहीं दी। इसके साथ ही वे फिजुलखर्ची के सख्त खिलाफ थे। अधीनस्थ कर्मचारियों से नाराज होने पर भी उन्हें कभी आप से तुम पर आते मैंने नहीं देखा-सुना। अच्छा काम करने पर वे अपने अंदाज में पुरस्कृत और प्रशंसित भी करते थे। उनका जुझारूपन देखने लायक था। एक और खास बात मैंने उनके व्यक्तित्व में देखी। एक बड़ा काम पूरा होने के पहले ही वे दूसरे बड़े काम में हाथ डाल देते थे। कई मौकों पर उनको यह कहते देखा-सुना कि महावीर मंदिर के पास द्रौपदी का अक्षय पात्र आ गया है। कोई भी काम महावीर मंदिर द्वारा शुरू किया हुआ नहीं रूकता।

रचनात्मक कार्यों को लेकर रहते थे चर्चा में

हमेशा नये-नये और महत्वपूर्ण रचनात्मक कार्यों से आचार्य किशोर कुणाल मीडिया और लोगों के बीच चर्चा में रहते। महावीर मंदिर से उनका लगाव और जुड़ाव गजब का था। कहीं बाहर से पटना देर रात लौटने पर भी वे महावीर मंदिर आकर बाहर से ही नमन जरूर करते थे। महावीर मंदिर में विराजमान हनुमानजी के दोनों विग्रहों समेत अन्य देव विग्रहों के सामने खड़े होकर वे बहुत देर तक ऐसे एकटक लगाते जैसे वे अपने अराध्य से बातें कर रहे हों। पटना में होने पर महावीर मंदिर की शाम की आरती में वे जरूर पहुंचते थे। लेकिन यह विडंबना रही कि शरीर त्याग से दो दिनों पूर्व अस्वस्थ होने के कारण पटना रहकर भी वे महावीर मंदिर नहीं आ सके। धर्म और परोपकार के ऐसे महान मसीहा को मेरी ओर से अश्रुपूर्ण विनम्र श्रदांजलि!

## उनका जीवन समाज सेवा, धार्मिक उत्थान के लिए समर्पित था : सम्राट



पटना। बिहार की राजधानी पटना स्थित महावीर मंदिर न्यास के सचिव किशोर कुणाल का निधन हो गया है। रविवार को 74 साल की उम्र में महावीर वात्सल्य अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। आचार्य किशोर कुणाल का निधन पर बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने शोक जताया है। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने समाजसेवी, महावीर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष और पूर्व आईपीएस अधिकारी किशोर कुणाल जी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा, किशोर कुणाल जी का जीवन समाज सेवा, धार्मिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए समर्पित था। उन्होंने महावीर मंदिर को एक राष्ट्रीय पहचान दिलाई और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। उनके योगदान को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। उपमुख्यमंत्री ने आगे कहा, उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति और उनके परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## समाज सेवा की सच्ची मिसाल थे किशोर कुणाल : शाहनवाज

पटना। आचार्य किशोर कुणाल का निधन बिहार और पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। आचार्य किशोर कुणाल के रुप में मानवता और समाज की पूरी ईमानदारी और निष्ठा से सेवा करने वाला एक सच्चा बेटा दुनिया छोड़कर गया। महावीर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रहे, पूर्व आईपीएस अधिकारी किशोर कुणाल ने आजीवन निस्वार्थ भाव से बिहार और देश की सेवा की। धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक कार्यों में उन्होंने जो मिसाल कायम की है, वो अतुलनीय और अविस्मरणीय है। ये कहना है भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन का। सैयद शाहनवाज हुसैन ने रविवार को पटना में आचार्य किशोर कुणाल के आवास पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और आचार्य किशोर कुणाल को श्रद्धांजलि दी। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि अद्वितीय व्यक्तित्व वाले आचार्य किशोर कुणाल बिहार के युवाओं के रोल मॉडल थे। एक आईपीएस अधिकारी के रुप में, महावीर मंदिर न्यास समिति के सचिव, बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष और राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य के रुप में या फिर महावीर कैंसर अस्पताल व महावीर वात्सल्य अस्पताल जैसे सामाजिक संस्थाओं के संस्थापक के रुप में...सभी पदों पर रहते हुए उन्होंने अपनी कार्यशैली से हर किसी को मुरीद बनाया। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल ने अपना जीवन पूरी संतुष्टि से जीया और हर बिहार वासी को एक सबक देकर गए हैं कि एक जीवन में ही कितना कुछ किया जा सकता है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल की कमी सभी बिहार वासियों को हमेशा खलेगी। उनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकेगा।

## जीवन की सफलता का मंत्र देता है मन की बात : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात लोकप्रियता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सिर्फ देश-प्रदेश ही नहीं, बल्कि सात समंदर पार के लोगों को भी महीने के आखिरी रविवार का बेसब्री से इंतजार होता है, ताकि वे मन की बात को अपने जीवन में उतार कर लाभान्वित हो सकें। श्री मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मन की बात सिर्फ एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह जीवन को सहज और सरल बनाता है। मन की बात जीवन की सफलता का मंत्र है।मन की बात में बतायी गयी बातों को अपने जीवन में उतार कर करोड़ों लोग अब तक लाभान्वित हो चुके हैं। श्री मिश्र ने कहा कि वर्ष 2024 की आखिरी कड़ी में प्रधानमंत्री जी ने की विषयों पर अपनी बातें रखीं। उन्होंने महाकुंभ, भारतीय संविधान समेत कई विषयों पर अपनी बातें रखीं। पीएम मोदी ने नये साल की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए नये वर्ष में सभी के लिए सुख और समृद्धि की कामना की।

## जिला प्रशासन की अनुमति नहीं मिलने के बावजूद अभ्यर्थी पहुंचे गांधी मैदान

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं पीटी परीक्षा को रद्द कर पुनर्परीक्षा की मांग को लेकर कई दिनों से धरना पर बैठे छात्र रविवार को छात्र संसद में भाग लेने के लिए गांधी मैदान पहुंच गए। हालांकि जिला प्रशासन ने छात्र संसद की अनुमति नहीं दी है। दरअसल, जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर शनिवार को गर्दनीबाग स्थित धरनास्थल पर पहुंचे थे और रविवार को गांधी मैदान में छात्र संसद की घोषणा की थी। इस बीच, जिला प्रशासन ने विभिन्न कारणों से छात्र संसद की अनुमति नहीं दी। इस बीच, धरना पर बैठे छात्र रविवार को गांधी मैदान बापू प्रतिमा के पास पहुंच गए। गांधी मैदान पहुंचे छात्रों का कहना है कि उनकी आज स्थिति करो या मरो की हो गई है। उन्होंने कहा कि आयोग की विश्वसनीयता समाप्त हो गई है। हमलोगों की मांग सिर्फ पुनर्परीक्षा की है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने अन्य नेताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

### प्रधानमंत्री ने मन की बात में दिया एकजुट रहने का संदेश : नन्द किशोर



पटना। बिहार भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम मन की बात को भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सह बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव समेत तमाम नेता और कार्यकताओं ने बैठकर सुना। भाजपा कार्यालय में मन की बात के 117 वें एपिसोड को सुनने वालों में विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव के अलावा पूर्व मंत्री विनोद नारायण झा, कार्यालय मंत्री प्रवीण राय पटेल, प्रदेश मंत्री रीता शर्मा, राजीव रंजन, संजय चंद्रवंशी, मनोज सिंह, अमरेन्द्र शांडिल्य, ओम प्रकाश भुवन एवं सहित प्रदेश के कई पदाधिकारी, नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक विचारों को सुना। मन की बात सुनने के बाद विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इलाहाबाद के संगम तट पर लगने वाले महाकुंभ के जरिये देश मे अनेकता में एकता की बात कहते हुए एकजुट रहने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। इस समय संगम तट पर भव्य तैयारियां चल रही हैं। जब हम कुंभ में भाग लें, तो समाज में विभाजन और नफरत की भावना को खत्म करने का संकल्प लें। कहीं कोई भेदभाव नहीं है, कोई बड़ा नहीं है, कोई छोटा नहीं है। इसलिए हमारा कुंभ एकता का महाकुंभ भी है।विधानसभा अध्यक्ष ने बिहार के लोगों से भी महाकुंभ में जाने की अपील की। विधानसभा अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संविधान का भी गौरवगान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह गौरव की बात है कि 2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहा है। हमारे संविधान निमाताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है, वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है।

## राजद ने आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर जताया शोक



पटना। राष्ट्रीय जनता दल ने महावीर मंदिर न्यास के सचिव और पूर्व आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर शोक जताया है। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉ. मीसा भारती, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी,राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, डॉ. श्रीमती कांति सिंह,राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो. मनोज कुमार झा, राज्यसभा सांसद संजय यादव,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव , सैयद फैसल अली,बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ तनवीर हसन, शिवचंद्र राम, सुरेश पासवान,प्रदेश के प्रधान महासचिव रणविजय साहू, कोषाध्यक्ष मो. कामरान,प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव , प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित राजद परिवार के नेताओं ने श्री कुणाल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। राजद नेताओं ने रविवार को श्री कुणाल के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि उनके निधन से राज्य को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने अपने जीवन काल में सामाजिक क्षेत्रों में जो कार्य किया वह अविस्मरणीय है। उन्होंने एक अच्छे प्रशासनिक पदाधिकारी के साथ-साथ समाज के हित में महावीर अस्पताल तथा अन्य अस्पतालों के माध्यम से जो योगदान दिया है,उसे बिहार की जनता नहीं भुला सकती है।

## किशोर कुणाल का सामाजिक जीवन में रही महत्वपूर्ण भूमिकाः अखिलेश

पटना। पूर्व आईपीएस अधिकारी और राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष रहें आचार्य किशोर कुणाल के रविवार सुबह कार्डियक अरेस्ट से निधन हो जाने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह सहित वरिष्ठ नेताओं ने गहरा दुःख जताया है। अपने शोक संदेश में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि आईपीएस अधिकारी के रूप में दिवंगत आचार्य किशोर कुणाल ने बेहद ईमानदारी से कार्य किया। साथ ही वें कुशल प्रशासक के तौर पर अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य, पटना महावीर मंदिर न्यास के सचिव और अपने रिटायरमेंट के बाद दरभंगा संस्कृत विवि के कुलपति के रूप में सेवाओं को हमेशा याद किया जाएगा।आचार्य किशोर कुणाल ने 74 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। उन्होंने महावीर मंदिर ट्रस्ट से कैंसर, शिशु अस्पताल के साथ विद्यालयों का भी संचालन कर आम जनता को लाभ पहुंचाने का काम किया। उनके निधन से राज्य को अपूरणीय क्षति हुई है और आने वाले दिनों में इसकी भरपाई नहीं की जा सकती। इस दुःख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों के साथ है। आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ,विधानपरिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रामजतन सिन्हा , पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, प्रेमचंद मिश्रा डॉ समीर कुमार सिंह, ब्रजेश पांडेय ,निर्मल वर्मा ,राजेश राठौड़, लाल बाबू लाल, ब्रजेश प्रसाद मुनन, आनंद माधव , हरखू झा , ज्ञान रंजन , डॉ स्नेहाशीष वर्धन पांडेय आदि ने भी शोक व्यक्त किया है।

## किशोर कुणाल का जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित : दिलीप

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने समाजसेवी, महावीर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष और पूर्व आईपीएस अधिकारी किशोर कुणाल जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में डॉ. जायसवाल ने कहा किशोर कुणाल ने अपने जीवन को समाज सेवा और धार्मिक उत्थान के लिए समर्पित किया। महावीर मंदिर ट्रस्ट के माध्यम से उनके द्वारा किए गए कार्य समाज और धर्म के क्षेत्र में मील का पत्थर हैं। उनके नेतृत्व में महावीर मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं रहा, बल्कि सामाजिक और शैक्षणिक कार्यों का एक प्रमुख केंद्र बन गया। उन्होंने आगे कहा उनका निधन न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके आदर्श और कार्य हमेशा प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति और उनके परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## किशोर कुणाल का निधन सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति : श्रवण

पटना। ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने आचार्य किशोर कुमार के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संवेदना में श्रवण कुमार ने कहा है कि आचार्य किशोर कुणाल ने अपने प्रशासनिक क्षमता से कई उल्लेखनीय कार्य किया। उसके बाद उनकी रुचि धार्मिक कार्यों की ओर बढ़ी। धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में भी उन्होंने एक से बढ़कर एक कार्य किया। विद्यालय की स्थापना तथा कई अस्पतालो की स्थापना उनकी अनुपम देन है। उन्होंने अपना सर्वाधिक योगदान पटना के महावीर मंदिर के उत्थान एवं विकास के लिए किया तथा उन्होंने इसके न्यास के सचिव के पद को सुशोभित किया। साथ ही साथ उन्होंने राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के सदस्य के तौर पर भी काफी कार्य किया। उनका हमें छोड़ कर जाना निश्चित रूप से बिहार एवं बिहार वासियों के लिए दुखदाई है। उनके निधन से हम सभी काफी शोकाकुल हैं । धार्मिक तथा सामाजिक क्षेत्र में हुई इस क्षति की भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। मंत्री ने मृतक की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है तथा इस दुःख की घड़ी में उनके परिवार, सहयोगियों, अनुयायियों एवं सभी शोकाकुल लोगों को धैर्य धारण करने हेतु शक्ति देने के लिए ईश्वर से कामना की है।

## पूरे समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति : आर के सिन्हा

पटना। भाजपा के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व सांसद राज्यसभा आर के सिन्हा और भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने आचार्य किशोर के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। आर के सिन्हा ने बताया कि सुबह एक अत्यंत दुखद समाचार मिला। हमारे परम मित्र, भ्राता तुल्य, और आध्यात्मिक सखा, भाई आचारे किशोर कुणाल जी अब हमारे बीच नहीं रहे। यह हृदय को झकझोर देने वाला समाचार है। आचारे किशोर कुणाल जी ने अपने जीवन में अध्यात्म, ज्ञान, और मानव सेवा का जो अद्वितीय योगदान दिया, वह सदा हमारे हृदय में अमिट रहेगा। उनकी सरलता, सौम्यता, और मार्गदर्शन ने अनगिनत लोगों के जीवन को प्रेरित किया और सही दिशा दी। उनकी कमी को शब्दों में व्यक्त कर पाना कठिन है। यह क्षति न केवल उनके परिवार और मित्रों के लिए है, बल्कि पूरे समाज के लिए भी अपूरणीय है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और संबल दें।

## किशोर कुणाल का योगदान मानवीय मूल्यों को समर्पित : मधुरेदु

पटना। जदयू नेता डॉ मधुरेंदु पांडेय व पल्लवी पटेल ने आचार्य किशोर कुणाल की आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए आचार्य किशोर कुणाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि अब वे हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनका जीवन लोगों के लिए प्रेरक प्रसंग बना रहेगा।भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी के रूप में ख्याति प्राप्त करते हुए उन्होंने त्यागपत्र दिया और फिर मानवीय सरोकार से जुड़े।इसी क्रम में महावीर कैंसर अस्पताल, महावीर वात्सल्य अस्पताल तथा अनेक जनहित की संस्था को स्थापित कर शीर्ष सेवा प्रदान किया। उनका अनायास निधन हो जाने से आज जो शून्यता हुई है उसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं। इस विपदा काल में ईश्वर सारथ्य करेंगे।उनकी आत्मा की शांति के साथ परिवार को दुःख सहने की शक्ति, ईश्वर प्रदान करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### भव्य मेला, पूजा को लेकर की गई झोपादाह प्रांगण में बैठक

जमुई [ झाझा ] रविवार को झोंपादाह प्रांगण में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले भव्य मेला कमेटी की ओर से बैठक सह वनभोज कार्यक्रम आयोजित किया गया है। बैठक की अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष परमेश्वर यादव ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार भी तीन दिनों तक आयोजित होने वाले झोपादाह मेला को भव्य रूप से मनाई जाएगी। अध्यक्ष ने कहा कि बीते कई वर्षों से मेला और भव्य पूजा का आयोजन होते आ रहा है और इस बार भी बीते वर्ष की अपेक्षा और भी बेहतर ढंग से किया जाएगा जिसमे अन्य कई तरह की तैयारी की जाएगी। आगे अध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही एक अन्य बैठक बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण, बुद्धिजीवियों के बीच की जाएगी जिसमें पूजा, मेला को लेकर क्या क्या रूपरेखा तैयार करना है इसपर विशेष रूप से चर्चा हो सके।


### डीएम के समक्ष तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन का निर्णय

मुजफ्फरपुर ।अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा मुशहरी प्रखंड की विस्तारित बैठक रविवार को अम्बेडकर भवन मुशहरी में किसान नेता लखिन्द्र राय की अध्यक्षता में हुई। प्रखंड मुशहरी के विभिन्न पंचायत के लगभग पचास - साठ कार्यकर्ता शामिल हुए, जिसमें सर्वसम्मति से सहमति बनी कि जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर के समक्ष जनता के विभिन्न समस्याओं को लेकर तीन दिवसीय धरना का कार्यक्रम होगा। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से बसे हुए लोगों को बासकित पर्चा देने एवं रोहुआ - कोठियां के बंदोबस्ती पथधारियों को दखल-दहानी कराने, भूमिहीनों को 05 डिसिमिल जमीन देकर बसाने एवं मुशहरी अंचलाधिकारी की मनमानी व दाखिल - खारिज तथा परिमार्जन में अवैध उगाही के खिलाफ दिनांक 2 से 4जनवरी तक धरना - प्रदर्शन के कार्यक्रम का फैसला लिया गया।

# पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर दुनिया भर के लोगों ने दी श्रद्धांजलि

## सबसे बड़ी श्रद्धांजलि योगी सरकार के मंत्री असीम अरुण ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई / सोनो । ( मैं 2004 से लगभग तीन साल उनका बॉडी गार्ड रहा एसपीजी में पीएम की सुरक्षा का सबसे अंदरुनी घेरा होता है । क्लोज प्रोटेक्शन टीम जिसका नेतृत्व करने का अवसर मुझे मिला था । एआईजी सीपीटी वो व्यक्ति है जो पीएम से कभी भी दूर नहीं रह सकता । यदि एक ही बॉडी गार्ड रह सकता है तो साथ यह बंदा होगा । ऐसे में उनके साथ उनकी परछाई की तरह साथ रहने की जिम्मेदारी थी मेरी । डॉ साहब की अपनी एक ही कार थी मारुती 800 जो पीएम हाउस में चमचमाती काली बीएमडब्ल्यू के पीछे खड़ी रहती थी । मनमोहन सिंह बार-बार मुझे कहते असीम मुझे इस कार में चलना पसंद नहीं मेरी गड्डी तो यह है ( मारुति ) मैं समझाता कि सर यह गाड़ी आपके ऐश्वर्य के लिए नहीं है, इसके सिक्योरिटी फीचर्स ऐसे हैं जिसके लिए एसपीजी ने इसे लिया है । लेकिन जब कारकेड मारुति के सामने से निकलता तो वे हमेशा मन भर उसे देखते । जैसे संकल्प दोहरा रहे हों कि मैं मिडिल क्लास व्यक्ति हूं और आम आदमी की चिंता करना मेरा काम है । करोड़ों की गाड़ी पीएम की है, मेरी तो यह मारुति है । योगी सरकार में एक भारतीय राजनीतिज्ञ तथा वर्तमान उपी सरकार में समाज कल्याण व अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति के कल्याण मंत्री असीम अरुण एनएसजी से ब्लैक कैट कमांडो की ट्रेनिंग लेने वाले पहले आईपीएस अधिकारी 2004 में बने । उन्होंने टिहरी गढ़वाल, बलरामपुर, हाथरस, सिद्धार्थनगर, अलीगढ़, गोरखपुर व आगरा जिलों में पुलिस प्रमुख के तौर पर अहम जिम्मेदारी संभाली । उनकी आखिरी तैनाती पुलिस कमिश्नर कानपुर के पद पर रही ।

## पुलिस पर दो युवकों ने गलत तरीके से ट्रैक्टर जब्त करने और भाई की गिरफ्तारी को लेकर एसडीपीओ को दिया आवेदन

### एसडीपीओ ने कहा मिले आवेदन पर मामले की जांच की जाएगी



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] सिमुलतला थाना क्षेत्र के कनोदी पंचायत के रहने वाले पंकज कुमार ने बताया कि 21 दिसम्बर को शाम को मेरा भाई पवन कुमार घर पर था और उसका ट्रैक्टर निजी सामान ढुलाई के कार्य से पिपराडीह गया हुआ था और खाली ट्रैक्टर अजरुद्दीन अंसारी के घर पर खड़ा था तभी सिमुलतला थाना में पदस्थापित एसआई अमरजीत कुमार वहां पर पहुंचकर ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया। पीड़ित ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस ट्रैक्टर में बालू डालकर जब्त किया है और मेरे भाई पर केस करने की धमकी दिया। सिमुलतला थाना की पुलिस पर दो युवकों ने गलत तरीके से ट्रैक्टर जब्त करने और भाई की गिरफ्तारी को लेकर शनिवार को एसडीपीओ कार्यालय पहुंचकर एसडीपीओ को दर्जनों ग्रामीणों का हस्ताक्षर किया हुआ आवेदन देकर जांच करने की गुहार लगाया है। जब पुलिस से पूछा गया तो एसआई ने डांट फटकार लगाना शुरू कर। एसडीपीओ राजेश कुमार को दोनो पीड़ित युवकों के द्वारा दिये गए आवेदन पर पूछने पर उन्होंने बताया की आवेदन मिलने के बाद इसको लेकर जांच की जाएगी। मौके स्थल से एक युवक को गिरफ्तार भी किया। गिरफ्तार युवक के भाई प्रदीप सिंह ने भी बताया कि एसआई ने बिना किसी वजह के मेरे भाई किशुनदेव कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

## 31 दिसंबर तक कन्या उत्थान योजना के लिए होगा आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। कन्या उत्थान योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। जिले इंटरमीडिएट प्रथम श्रेणी से पास छात्राएं कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत योजना का लाभ लेने के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकती है। पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर निर्धारित थी। इस योजना के तहत वर्ष 2022-23 में इंटरमीडिएट करने वाली छात्राओं को भी कन्या उत्थान योजना का लाभ मिलेगा। इससे वर्ष 2022 व 2023 में इंटरमीडिएट पास करने के बाद योजनाओं के लाभ से वंचित रहने वाली छात्राओं को लाभ होगा।वर्ष 2024 में भी इंटरमीडिएट प्रथम श्रेणी से पास छात्राएं भी इस योजना के लाभ के लिए आवेदन कर सकती है। आवेदन की संख्या कम होने पर शिक्षा विभाग द्वारा अंतिम तिथि में विस्तार किया गया है। ताकि ज्यादा से ज्यादा पात्र लाभूकों को योजना का लाभ मिल सके। मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 से 24 तक काफी संख्या में छात्राओं द्वारा अपना पंजीकरण नहीं कराया गया था। इसके साथ ही कई छात्राओं द्वारा अपना पंजीकरण के बाद त्रुटि होने के कारण लाभ से वंचित हो गई थी। कई छात्राओं द्वारा जानकारी के अभाव में आवेदन नहीं किया गया था। जिस कारण भी प्रथम श्रेणी से इंटर पास करने के बाद भी छात्राओं को लाभ नहीं मिल पाया था। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री के जनता दरबार में भी कन्या उत्थान योजना को लेकर कई मामला पहुंचा था।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर गिद्धौर के पंचमंदिर में होगा अष्ट्याम

- 24 घंटे सीताराम धुन अष्टयाम का होगा आयोजन, निकाली जायेगी विशाल कलश यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। श्री राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या में हुए भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में गिद्धौर के ऐतिहासिक पंच मंदिर परिसर में 24 घंटे के सीता राम धुन अष्टयाम का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां जन्माष्टमी पूजा समिति द्वारा युद्धस्तर पर जारी है। गिद्धौर के युवाओं और बुद्धिजीवियों से विचार विमर्श कर अष्ट्याम के आयोजन पर रूपरेखा तैयार की गई है। जन्माष्टमी पूजा समिति के अध्यक्ष बिट्टू कुमार ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट ने यह फैसला लिया है कि अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक नहीं, बल्कि हिंदू कैलेंडर के मुताबिक ही मंदिर की वर्षगांठ मनाई जाएगी। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी, 2024 को हुई थी। अयोध्या के राम मंदिर की वर्षगांठ, हिंदू पंचांग के मुताबिक, 11 जनवरी, 2025 को मनाई जाएगी। यह दिन पौष शुक्ल द्वादशी को मनाया जाएगा, जिसे प्रतिष्ठा द्वादशी भी कहा जाएगा। इसे ध्यान में रखते हुए गिद्धौर पंच मंदिर में भी 11 जनवरी 2025 को ही कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। सभी के सहयोग से इस बार फिर ऐतिहासिक आयोजन होगा। प्राण प्रतिष्ठा दिवस के दिन 11 जनवरी 2025 को 24 घंटे के सीता राम धुन अष्टयाम का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन सुबह सुबह 8 बजे 501 विशाल कलश यात्रा निकाली जायेगी। इस कलश यात्रा के लिए प्रस्तावित रूट तय किया गया है। यात्रा की शुरूआत पंचमंदिर से होगी, जो दुर्गा मंदिर, महावीर मंदिर, मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर, बाबा बूढ़ा नाथ मंदिर, बूढ़ी स्थान मंदिर होते हुए पुनः पंचमंदिर आकर समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि 24 घंटे के सीता राम धुन अष्टयाम की शुरूआत 11 जनवरी की दोपहर 2 बजे होगी। वहीं अगले दिन 12 जनवरी को निर्धारित 24 घंटे के बाद अष्ट्याम का समापन होगा। जिसके बाद प्रसाद वितरण और खिचड़ी महाभोज किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जन्माष्टमी पूजा समिति के सदस्यों द्वारा लगातार सहयोग राशि इकट्ठा किया जा रहा है।

## बरनवाल नवयुवक संघ की ओर से की गई वनक्षेत्र में बैठक सह वनभोज




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] रविवार को बरनवाल नवयुवक संघ की ओर के ओर से यक्षराज स्थान समीप वनक्षेत्र में बैठक सह वनभोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में बरनवाल समाज के अध्यक्ष गोपाल बरनवाल मुख्य अतिथि ल रूप में हुई। बैठक की अध्यक्षता बरनवाल नवयुवक संघ के अध्यक्ष दिलीप बरनवाल ने किया। उन्होंने शिक्षा पर भी जोर देते हुए कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा देने में किसी भी कसर न रखे क्योंकि आपका बच्चा अगर पढ़ लिख समाज मे एक अच्छा कार्य करेगा तो बरनवाल समाज का नाम और भी प्रसिद्ध होगा। अन्य वक्ताओं ने भी बरनवाल समाज की महत्व पर चर्चा किया कि हमलोगों का समाज सिर्फ व्यवसाय करना ही नही बल्कि हर जरूरतमंदों की मदद करना है । बैठक में अध्यक्ष गोपाल बरनवाल ने कहा की प्रत्येक वर्ष एक ऐसा दिन चयन करते है जिसमें समाज के लोग एकजुट होते है। आज समाज को आगे बढाने में युवकों के ऊपर सबसे बड़ी जिम्मेवारी है। समाज के युवाओं ने बरनवाल नवयुवक संघ का गठन कर बरनवाल समाज को ओर भी मजबूत किया है। उन्होंने संघ के युवाओं सदस्यों से कहा की सिर्फ संघ को मजबूत ही करने पर फोकस न करे बल्कि समाजिक कार्यो में भी अपनी हिस्सेदारी देते हुए बढ़चढ़ कर का कार्य करे जिससे बरनवाल समाज की एक अलग ही पहचान स्थापित हो। उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह से संघ के लोग पहले कई तरह के सामाजिक कार्य करते आ रहे है वैसे आगे भी करे। बरनवाल नययुवक संघ के सदस्यों ने बरनवाल समाज के सभी वरिष्ठ लोगों को अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। बैठक में सबसे पहले उपस्थित मनोज बरनवाल, कालिका प्रसाद बरनवाल, सीताराम बरनवाल, आदित्य बरनवाल, राजेश बरनवाल, सुनील बरनवाल सहित अन्य लोगों ने महाराजा अहिवरन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## झाझा पब्लिक स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स डे धूमधाम से हुआ संपन्न




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] झाझा पब्लिक स्कूल में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वार्षिक खेलकूद पांच दिवसीय (एनुअल स्पोर्ट्स डे) बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में खेल भावना विकसित करना और शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर बच्चों ने कई खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें 100 मीटर, 200 मीटर, और 400 मीटर दौड़, स्लो साइकिल रेस, कबड्डी, बैडमिंटन, क्रिकेट, और रिले रेस जैसे खेल शामिल थे। जूनियर वर्ग के लिए विशेष खेल आयोजित किए गए, जिनमें बैलून ब्लास्ट, मेंढक दौड़, और हैंगिंग चॉकलेट प्रमुख रहे। अभिभावकों के लिए भी खेलकूद का आयोजन* स्पोर्ट्स डे के आखिरी दिन अभिभावकों के लिए भी खेलकूद का आयोजन किया गया। झाझा के तमाम अभिभावकों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रथम और द्वितीय स्थान पर आने वाले अभिभावकों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के डायरेक्टर डॉ. सुरेंद्र निराला ने बच्चों को खेलों के महत्व के बारे में प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह जीवन में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। उन्होंने बच्चों को खेलों में नियमित भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान समारोह रविवार को झाझा पब्लिक स्कूल में क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक डॉ. सुरेंद्र निराला, स्कूल मैनेजर आकाश कु शर्मा और प्रिंसिपल सैनी कुमार ने पत्रकारों को बुके, शॉल, और चांदी का मोमेंटो भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों का विशेष योगदान रहा।

## तेलियादह गाँव निवासी पिंटू कुमार ने हासिल किया करांटे चैंपियनशीप में ब्लैक बेल्ट

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई / सोनो : पटना स्थित पाटलिपुत्र स्पॉटस कॉम्प्लेक्स में करांटे एसोसिएशन ऑफ बिहार के द्वारा आयोजित करांटे चैम्पियनशीप में सोनो प्रखंड के दहियारी पंचायत अंतर्गत तेलियादह गाँव निवासी सुरेश यादव का 23 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार ने ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने में सफलता हासिल की है । आयोजित क्युकुसीन करांटे में पुरे बिहार के तकरीबन 30 नामचीन खिलाडियों ने हिस्सा लिया । जहाँ पर धुंआधार खेल का प्रदर्शन करते हुए पिंटू कुमार ने सभी को पछाड़ कर यह सफलता हासिल कर अपने माता पिता सहित सोनो प्रखंड का नाम रौशन कर दिया । इसके पुर्व छपरा स्थित पारसनाथ गार्डन में आयोजित खेल में हिस्सा लेकर अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाडियों को पछाड़ कर कई बेल्ट अपने नाम कर डाला । पिंटू कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष 2016 से अब तक कुल सात बेल्ट हासिल की गई है , जिसमें व्हाइट , ओरेंज , बुलु , रेड , ऐलो , ग्रीन , ब्राउन तथा ब्लैक बेल्ट शामिल हैं । पिंटू कुमार ने बताया कि पटना में आयोजित करांटे चैम्पियनशिप के प्रमुख दीपक सर एवं मो० जाबिर अंसारी के द्वारा ब्लैक बेल्ट प्रदान की गई है । ज्ञात हो कि मो० जाबिर अंसारी झाझा प्रखंड क्षेत्र के तुम्बा पहाड़ गाँव का रहने वाले हें , जिन्होंने नैशनल करांटे चैम्पियनशिप में अब तक सैकड़ों गोल्ड मैडल ओर सिल्वर मैडम प्राप्त कर पुरे बिहार में अपना नाम रौशन करने में सफलता हासिल की है ।

## पुर्व मुखिया निरंजन सिंह के चौथी पुण्य तिथि पर नोनी गांव में श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

ई.अलीगंज प्रखंड के कोल्हाना पंचायत में कोल्हाना पंचायत के पुर्व मुखिया निरंजन सिंह की चौथी पुण्य तिथि पर रविवार को दोपहर दो बजे के लगभग वर्तमान मुखिया सह निरंजन सिंह के पुत्र सत्यम कुमार के द्वारा उनके पैतृक गांव नोनी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर 13 से 19 वर्ष के छात्र -छात्राओं के बीच स्वामी विवेकानन्द प्रखंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इससे पहले सभी आगुन्तको ने स्व0 निरंजन सिंह के तैलिय चित्र पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस श्रद्धांजली सभा मे पटना से आये चिकित्सको द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही कार्यक्रम में लगभग 1000 गरीबो के बीच कम्बल का वितरण किया गया। इस मौके पर मंच का संचालन युवा तेजतर्रार वक्ता प्रभाकर कुमार व प्रवीण कुमार ने किया।

## कार्यकर्ताओं के लिए पीएम के मन की बात को आत्मसात करने की जरूरत : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा ।पीएम के मन की बात जीवंत विरासत को साझा करने का सशक्त माध्यम है। इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी के पांच सौ से अधिक केंद्रों द्वारा बाइस भारतीय भाषाओं, उनतीस बोलियों तथा ग्यारह विदेशी भाषाओं में ब्रॉडकास्ट किए जा रहे हैं जो विश्व स्तर पर एक उदाहरण है । दरभंगे के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने अलीनगर विधानसभा के महथोर में बूथ संख्या 83 पर सुनने के बाद उपरोक्त विचार साझा किए। सांसद डा ठाकुर ने पीएम के मन की बात में साझा किए गए संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पीएम का यह कहना प्रशंसनीय है कि संविधान हमारे लिए गाइडिंग लाइट की तरह है। देश के नागरिकों को संविधान की विरासत से जुड़ने के लिए कंस्टीच्यूशन 75 कॉम नामकी एक वेबसाइट बनाई गई है जिसके माध्यम से हर नागरिक को देश के संविधान को पढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। सांसद डा ठाकुर ने मन की बात में सामाजिक एकता को जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अपने क्षेत्र में खेल के आयोजन को प्रोत्साहित करने की जरूरत है, बस्तर में होने वाला बस्तर ओलंपिक खेल आयोजन विकास और खेल का संगम साबित होगा। सांसद डा ठाकुर ने 13 जनवरी से प्रयाग में आयोजित होने वाले कुंभ मेला को सामाजिक सदभाव के लिए एक मजबूत मंच बताते हुए कहा है कि पीएम का कहना एक सकारात्मक संदेश है कि जब हम कुंभ मेला में भाग ले तो विभाजन और नफरत की भावना को खत्म करने का संकल्प ले। सांसद डा ठाकुर के साथ मन की बात सुनने वाले पार्टी नेताओं में किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, अनिल वर्मा, धनपति ठाकुर, गंगाराम सहनी, रामनाथ सहनी, अश्विनी सारंगी, टनटन ठाकुर, पंकज कंठ, ब्रजेश झा, गंगाराम यादव, भगवान झा, ललकांत झा, मुनींद्र यादव, अवधेश झा, निभा देवी, रिंकू देवी, रजनीश सुंदरम, बलराम झा, पुरुषोत्तम झा, ललित मोहन मिश्रा,विजय यादव, बैद्यनाथ सिंह, रमेश राय, अनिल झा आदि मौजूद थे।

## युवा लोजपा धरहरा प्रखंड का किया गया कमेटी विस्तार

मुंगेर। रविवार को प्रेम प्रकाश युवा जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में युवा लोजपा रामविलास धरहरा प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें रितेश कुमार को कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष रवि सक्सेना प्रखंड प्रधान महासचिव रवि सक्सेना प्रखंड महासचिव, मिथुन कुमार प्रखंड महासचिव, आमोद सिंह प्रखंड महासचिव चंदन कुमार प्रखंड सचिव कुंदन कुमार प्रखंड सचिव ऋषभ कुमार महासचिव अभिषेक कुमार प्रखंड सचिव नीतीश कुमार प्रखंड सचिव रवि रौशन कुमार प्रखंड सचिव युवा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने अपने संबोधन में बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के विजन को सभी युवा एवं महिला वर्ग तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है ।

## शिक्षकों को शनिवार और रविवार को भी मिला नियुक्ति पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर।सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों को शनिवर व रविवार को भी नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति पत्र संबंधित शिक्षकों के बीआरसी में वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के पश्चात उक्त शिक्षक 1 जनवरी से 7 जनवरी तक अपने ही पदस्थापित विद्यालय में योगदान करेंगे। नियुक्ति पत्र वितरण व योगदान को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार ने दिशा-निर्देश जारी किया है। उन्होंने पत्र जारी कर कहा कि विभाग के द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशिष्ट शिक्षकों का औपबंधिक नियुक्ति पत्र,विद्यालय पदस्थापना पत्र एवं योगदान प्रपत्र एक साथ वितरण करने का निर्देश प्राप्त है। विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण के क्रम में उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक के उपस्थिति में ही नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक सभी विशिष्ट शिक्षकों का योगदान के योगदान प्रपत्र एवं पदस्थापना पत्र,संबंधित विशिष्ट शिक्षक का शैक्षणिक,प्रशैक्षणिक अंकपत्र, प्रमाण पत्र,चीटेट,सीटेट,एसटेट,दक्षता का प्रवेश पत्र एवं अंकपत्र,रिजल्ट कार्ड, सक्षमता एडमिट कार्ड,सक्षमता काउंसलिंग,जाति आवासीय, दिव्यंगता प्रमाण पत्र,स्वतंत्रता सेनानी(जो लागू हो), दो फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड,बैंक पासबुक की छायाप्रति व अन्य कागजात (दो फोल्डर में जमा लेना है।

## बिहार प्रदेश भवन एवं पथ निर्माण मजदूर संघ, मुंगेर जिला की बैठक आयोजित




प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। रविवार को बिहार प्रदेश भवन एवं पथ निर्माण मजदूर संघ मुंगेर जिला की बैठक बासुदेवपुर, मुंगेर में चंद्रशेखर विद्यालय के निकट आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष सह प्रदेश सह मंत्री अमरेन्द्र कुमार शर्मा ने की। इस बैठक के मुख्य अतिथि संयुक्त रूप से भारतीय मजदूर संघ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार लाल, भारतीय रेलवे मजदूर संघ के वित्त सचिव भानु प्रताप पाठक और भारतीय मजदूर संघ, मुंगेर के जिलाध्यक्ष असद समरूशी थे। इसके अतिरिक्त मौके पर भारतीय मजदूर संघ, मुंगेर के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सह पूर्वी रेलवे कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हरेराम महाराज एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक देवेंद्र ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक का संचालन संघ के जिला मंत्री राम प्रवेश यादव ने किया। बैठक में उपस्थित विभिन्न संघों के पदाधिकारियों ने बिहार सरकार द्वारा श्रमिकों को दी जाने वाली लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपनी समस्याओं को साझा किया, जिनके समाधान पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि राजेश कुमार लाल ने पूर्व में सरकार द्वारा आयोजित दी जाने वाली 3000 रुपए की स्वास्थ्य अनुदान राशि, जो अब बंद हो चुकी है, को पुनः चालू कराने के लिए सरकार पर दबाव बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं, जिला अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार शर्मा ने उपस्थित सदस्यों से आग्रह किया कि, वे अपने क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीकरण कराएं, ताकि उन्हें बिहार सरकार की योजनाओं का अधिक- से- अधिक लाभ दिलाया जा सके।

## महायज्ञ को लेकर गठित की कमेटी, संतोष बना अध्यक्ष



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] आगामी वर्ष में 17 अप्रैल से 25 अप्रैल तक बलियो रोड स्थिग छात्रावास के पास होने वाले श्री श्री 108 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर रविवार को अम्बेडकर नगर में श्यामदेव उर्फ वैद्यजी के आवास पर मार्गदर्शक जयदेव महाराज की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें महायज्ञ को सम्पन्न करवाने के लिए कमेटी का गठन किया गया। महायज्ञ को लेकर बनी कमेटी में अध्यक्ष के पद पर संतोष कुमार यादव, उपाध्यक्ष वरुण कुमार माथुरी, सचिव नरेंद्र कुमार भारती उर्फ. मुन्ना रावत , उपसचिव में राजेश कुमार झा, उपसचिव में मुकेश कुमार सिन्हा, डॉक्टर श्यामदेव उर्फ वैद्यजी को चुना गया। जयदेव महाराज ने बताया कि कमेटी में अन्य सदस्यों को भी जोड़ा जाएगा ताकि पूर्ण रूप कमेटी का गठन हो जाने के बाद गठित कमेटी के हर सदस्यों को अलग अलग जिम्मेवारी सौंपी जाए। क्योंकि महायज्ञ किसी अकेलेजन से सम्पन्न नही हो सकता इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का साथ होना आवश्यक है। महायज्ञ को लेकर शुभ तिथि से क्षेत्र में प्रचार प्रसार भी करवाया जाएगा।

## आचार्य किशोर कुणाल के पैतृक गांव में शोक की लहर

मुजफ्फरपुर ।आचार्य किशोर कुणाल की अचानाक मौत की खबर मिलते ही ग्रामीण स्तब्ध रह गए । ग्रामीणों को सहसा विश्वास ही नही हो रहा था कि गाँव के लाल ,बिहार के धरोहर अब उनके बीच नही रहे । आचार्य किशोर कुणाल के छोटे भाई नंदकिशोर शाही खबर मिलते ही पटना के लिये निकल गए । पैतृक घर के बाहर तार पर कपडा सूखने के लिये डाला हुआ था और दरवाजे पर ताला लगा था। गांव में सर्वत्र मातमी सन्नाटा पसरा रहा आचार्य के सहपाठी और बचपन के मित्र वीरबहादुर शाही ने भरातें गले से कहा कि यह एक अपुर्णीय क्षति है । बचपन से इंटर तक हमलोग साथ पढ़े ,बचपन की पढ़ाई गांव के ही बरुराज मिडल स्कूल फिर हाइस्कूल से हुई उसके बाद एलएस कॉलेज चले गए जहां हम आट्र्स ब्लॉक में थे और वे साइंस ब्लॉक में थे ।

## विधायक रण विजय साहु ने मनोज के हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग



प्रात : किरण संवाददाता

मनीगाछी(दरभंगा)।मोरवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रण विजय साहु ने रविवार को प्रखंड क्षेत्र के नारायणपुर गांव पहुंचकर मृतक मनोज कुमार साहु के परिजनों सांत्वना दिया। साथ ही दुःख की इस घड़ी में उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।इस दौरान उन्होंने मनोज के पिता से घटना की जानकारी ली और एस डीपीओ बेनीपुर से इस संबंध में प्रगति की जानकारी लेते हुए इसके शीघ्र उद्भेदन करने तथा हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी का आग्रह किया। मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे विधायक के साथ राकेश नायक, प्रखंड अध्यक्ष मो अलकमा,युवा राजद जिलाध्यक्ष सह नेहरा पश्चिमी के मुखिया अब्दुल मालिक,विनोद साहू,पुष्पम कुमार,दरभंगा ग्रामीण विधायक के निजी सहायक मो मोबीन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सम्पादकीय

## षडयंत्रों से बाहर निकलकर करना होगी नूतन वर्ष की अगवानी

देश में राजनैतिक वर्चस्व के लिए तरह-तरह के हथकण्डे अपने की होड लग गई है। कभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजन पर विवाद पैदा हो रहा है तो कभी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अन्तिम संस्कार को लेकर वक्तव्य दिये जा रहे है। कहीं संभल के अतीत को भुनाने की कोशिश की जा रही है तो कहीं बिहार लोक सेवा आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। कहीं किसान आन्दोलन की आड में दाव खेले जा रहे हैं तो कहीं कथित अन्याय को न्याय में बदलने का मुद्दा उछाला जा रहा है। ज्यों-ज्यों नये साल के आगमन का समय नजदीक आ रहा है त्यों-त्यों राजनैतिक गलियारों में नीतियों-रीतियों के रंग बदल रहे हैं। सत्ताधारी दलों से लेकर विपक्ष तक के मंसूबों ने चारों ओर सुर्खियां पैदा करने वाला वातावरण निर्मित कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जन्म जयंती पर देश भर में कार्यक्रम आयोजित किये ताकि पार्टी के रेखांकित किये जाने वाले दिग्गज की पारदर्शी छवि का राजनैतिक लाभ लिया जा सके। इसी दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर रघुपति राघव राजा राम वाले लोकप्रिय भजन को विकृत करने के आरोपों का दौर भी शुरू हो गया। कहा जा रहा है कि गांधी जी ने सुन्दर विग्रह मेधाश्याम, गंगा तुलसी शालिग्राम को हटाकर उसके स्थान पर ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, सब को सन्मति दे भगवान जोडकर उसके मूल स्वरूप को नष्ट किया था। आरोप लगाने वाले कुछ लोगों के अनुसार यह भजन 17वीं सदी में प्रसिध्द संत स्वामी रामदास ने लिखा था, तो कुछ लोग इसके रचनाकार के रूप में पंडित लक्ष्मणाचार्य का नाम ले रहे हैं। मूल रचना के कथित संशोधनों पर स्वाधीनता के बाद पहली बार कठोर प्रतिक्रिया सामने आई जिस पर कांग्रेस सहित अनेक विपक्षी दलों ने भारतीय जनता पार्टी को घेरना शुरू कर दिया है। इस दिशा में सोच का आधार, कथित संशोधन का परिणाम और भक्ति साहित्य के स्वरूप को विवेचित किये बिना केवल वोट बैंक के चश्मे से देखा जा रहा है। ऐसी ही घटना पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अन्तिम संस्कार के दौरान सामने आई। कांग्रेस ने इसे लेकर प्रश्नवाचक चिन्हों की झडी लगा दी। निगम बोध घाट सहित अनेक मुद्दों पर जबाब मांगा गया। तो दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के संभल में निरंतर चल रही खुदाई, वहां मिल रहे अवशेष और गौरवशाली अतीत की सजीव होती स्मृतियों को भी राजनैतिक आइने से ही देखा जाने लगा है। आक्रान्ताओं से लेकर प्रकृति तक के प्रतिशोधों के परिणामात्मक इतिहास ने एक बार फिर नये सिरे से समीक्षा की आवश्यकता निर्धारित कर दी है। सम्प्रदायगत वोटों को समेटने के लिए नित नये सगूफे छोडे जा रहे हैं। कहीं भगवां और हरे रंगो पर शब्दों की जुगाली हो रही है तो कहीं अल्पसंख्यक और बहुसंख्यकों का शोर तेज हो रहा है। दया और क्रूरता की विपरीत सांस्कृतिक विरासत पर एक नई जंग होने लगी है। बिहार लोक सेवा आयोग को भीड के दबाव में लेने के षडयंत्र तेज हो गये है जिसमें वामपंथी राजनीति के दिग्गजों सहित कोचिंग व्यवसायी भी कूद पडे हैं। पटना की सडकों से सैकडों कोस दूर दिल्ली में स्टूडेन्ट फेडरेशन आफ इण्डिया ने अपने झंडे ऊंचे कर दिये तो गुरु रहमान और खान सर जैसे अनेक कोचिंग व्यवसायी भी आयोग और सरकार को घेरने में विपक्ष के साथ खडे हो गये हैं। जनसुराज पार्टी के मुखिया प्रशान्त किशोर ने तो पटना से लेकर दिल्ली तक की लडाई में साथ देने का वादा तक कर दिया है। ऐसे ही प्रयास किसान आंदोलन के दौरान भी देखने को मिले थे जब किसानों की जमात में असामाजिक तत्वों ने खुलेआम गुण्डागिरी की थी। पंजाब के वयोवृध्द किसान जगजीत सिंह डल्लेवाल की चिन्ता किये बिना वहां के मांगकर्ता और सरकार अपने-अपने रुख पर अडियल रवैया अपनाये दिखती रही। सत्ता और विपक्ष की वोट राजनीति के मध्य समूचा देश पिसता जा रहा है। साम्प्रदायिकता को हथियार बनाकर लडने वालों ने भी अब अपने वक्तव्यों से राष्ट्रवादिता का प्रदर्शन शुरू कर दिया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के वक्तव्य पर अनेक संतों के विरोध दर्ज होने लगे। वास्तविक संतों की भीड में घुसपैठ बना चुके राजनैतिक संत भी मौका पाकर अपने उद्गारों को भगवां में लपेटकर परोस रहे हैं। ऐसे घटनाक्रम के मध्य प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ पर असुरक्षा के काले बादल मडराना स्वाभाविक ही है जिन्हें प्रभावहीन करने हेतु सरकारी तंत्र को अग्नि परीक्षा देना ही होगी। खालिस्तान समर्थक आतंकवादियों तथा इस्लामिक कट्टरपंथियों व्दारा खुलकर सनातन के इस अतिविशिष्ट आयोजन में खलल डालने की धमकी दी जा चुकी है।


## जीएसटी: पाकिस्तान नहीं अब पॉपकॉर्न में उलझी सरकार

बात-बात पर पाकिस्तान का नाम लेने वाली और वन नेशन वन टैक्स का नारा देने वाली मोदी सरकार अब पॉपकॉर्न पर उलझ गई है। फ्लेवर्स के हिसाब से पॉपकॉर्न पर तीन तरह के टैक्स हैं। स्थिति ये है कि सरकार की तरफ से सफाई तक देनी पड़ी। सोशल मीडिया में पुरानी और उपयोग की गई गाड़ियों के बेचने पर जीएसटी लगाने को लेकर सरकार की फजीहत हो रही है। हाल ही में हुई जीएसटी काउंसिल में पुरानी और उपयोग की हुई गाड़ियों के बेचने पर जीएसटी लगाने को लेकर फैसला लिया गया। इसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल्स भी शामिल है। आलोचना और सोशल मीडिया पर किरकिरी के बाद पुरानी गाड़ियों के बेचने पर जीएसटी लगाने को लेकर फैले भम्र को दूर करने की कोशिश की गई। सरकार ने साफ किया है कि अगर पुरानी गाड़ियों के बेचने पर मार्जिन नेगेटिव में है और कोई मुनाफा नहीं हो रहा है तो उसपर जीएसटी नहीं देना होगा। हालांकि ये कोई पहला मौका नहीं है जब इस तरह की स्थिति बनी हो। इससे पहले भी कपड़े पर जीएसटी को लेकर गुजरात के व्यापारियों ने मुहिम चलाई थी। केन्द्र सरकार ने पुरानी और यूज्ड गाड़ियां जिसमें ईवी भी शामिल है उसे बेचे जाने पर जीएसटी को लेकर उपजी भम्र की स्थिति को दूर करने की कोशिश की है। ईवी के अलावा पुरानी और यूज्ड गाड़ियों के सेल को लेकर सरलीकरण किया गया है। जीएसटी काउंसिल ने सभी पुरानी और इस्तेमाल की गई गाड़ियां जिसमें ईवी भी शामिल है उस पर 18 फईसदी जीएसटी लगाने का फैसला लिया है, पहले अलग-अलग दरें लगाई जाती थी। जीएसटी काउंसिल ने कोई भी नया टैक्स लगाने की सिफारिश नहीं की है। ये भी कहा गया है कि केवल रजिस्टर्ड व्यक्ति जो पुरानी और यूज्ड गाड़ियों के सेल से जुड़े कारोबार करते हैं उन्हें ही जीएसटी का भुगतान करना है। कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को पुरानी और यूज्ड कार बेचता है तो ऐसे मामले में जीएसटी लागू नहीं होगा। पुरानी और उपयोग की गई गाड़ियों के सेल वैल्यू पर जीएसटी दिए जाने के सवाल पर कहा गया है कि जीएसटी में रजिस्टर्ड व्यक्ति ने इनकम टैक्स एक्ट 1961 के सेक्शन 32 के तहत डेप्रीसिएशन क्लेम किया है, जीएसटी केवल सप्लायर के मार्जिन वैल्यू पर देना होगा। यानि पैसेंजर गाड़ियों के सेल वैल्यू और डेप्रीसिएटेड वैल्यू के बीच जो अंतर होगा उसपर जीएसटी का भुगतान करना होगा लेकिन ऐसे मामलों में जब मार्जिन नेगेटिव में रहेगा तब कोई जीएसटी नहीं लगेगा। इसी तरह जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में ये तय किया गया है कि सिनेमा हॉल में खुले में बिकने वाले पॉपकॉर्न पर रेस्तरां की तरह 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगेगा। पॉपकॉर्न पर लगने वाले जीएसटी को लेकर कन्फ्यू जन की स्थिति बन गई थी। इसके बाद बताया गया है कि यदि पॉपकॉर्न को फिल्म टिकट के साथ बेचा जाता है तो इसे टोटल सप्लाजई के रूप में माना जाएगा। चूंकि इस मामले में खास सप्लाजई टिकट की है, इसलिए उसकी लागू दर के अनुसार टैक्सॉ लगाया जाएगा। पॉपकॉर्न पर लगने वाली जीएसटी में किसी तरह का इजाफा नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार पॉपकॉर्न को सिनेमा हॉल में खुले रूप में बेचा जाता है यही कारण है कि इस पर रेस्तरां सर्विस की तरह 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी लागू रहेगी। जीएसटी के तहत नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न को नमकीन के रूप में कैटेगराइज किया जाता है और इसपर 5 प्रतिशत टैक्स लगता है। जब इसे पैक्डग और लेबल के साथ बेचा जाता है तो दर 12 प्रतिशत होती है। कुछ वस्तुओं को छोड़कर सभी चीनी कन्फेक्शनरी पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। इसलिए कारमेलाइज चीनी वाले पॉपकॉर्न पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी की दर लागू होगी। सीधे शब्दों में कहा जाए तो पॉपकॉर्न में भी तीन तरह के टैक्स लग रहे हैं। जीएसटी काउंसिल की बैठक में सरकार की ओर से कई फैसले लिए गए हैं। सरकार ने पुरानी गाड़ियों से लेकर पॉपकॉर्न तक पर जीएसटी लगाने की घोषणा कर डाली। सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा बहस छिड़ी पॉपकॉर्न पर लगे जीएसटी को लेकर है। पॉपकॉर्न को लेकर तीन तरह के टैक्स के कारण लोगों ने मुखर होकर हमला बोला। एक वर्ग का कहना है कि अब तो बच्चों को पॉपकॉर्न खिलाना तक मंहगा हो गया है। लोगों का कहना है कि कि पॉपकॉर्न खरीदने से पहले जीएसटी स्लैब देखना पड़ेगा।

# नया साल सिर्फ़ जश्न नहीं, आत्म-परीक्षण और सुधार का अवसर भी...

**31 दिसम्बर की आधी रात को हम 2024 को अलविदा कह देंगे और कैलेंडर 1 जनवरी यानी 2025 के नए साल के दिन के लिए अपना नया पन्ना खोलेगा। उतार-चढ़ाव, मजेदार पल और कुछ खास नहीं-यह सब अब अतीत की बात हो जायेंगे। हम एक नए साल के मुहाने पर खड़े हैं, जो हमारे सामने आने वाली हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। हवा में उत्साह और चिंतन की गूंज है, जैसे पुरानी यादों और उम्मीदों का एक बेहतरीन मिश्रण। बुद्धिमान लोग कहते हैं कि जीवन विरामों के बीच में ज़िया जाता है-जैसे कि सांस छोड़ने के ठीक बाद और सांस लेने से पहले। हर अंत बस एक और शुरूआत है। वास्तव में इसे महसूस करने के लिए साल के पहले दिन से बेहतर कोई समय नहीं है...**



**प्रियंका सौरभ**
**लेखिका**

एक नया साल एक नई शुरूआत है। यह एक नए जन्म की तरह है। नया साल शुरू होते ही हमें लगता है कि हमें अपने जीवन में बदलाव करने, नई राह पर चलने, नए काम करने और पुरानी आदतों, समस्याओं और कठिनाइयों को अलविदा कहने की जरूरत है। अक्सर हम नई योजनाएँ और नए संकल्प बनाने लगते हैं। हम उत्साहित, प्रेरित और आशावान महसूस कर सकते हैं, लेकिन कभी-कभी आशंकित भी होते हैं। कवियों और दार्शनिकों ने अक्सर दोहराया है कि भविष्य में जो कुछ भी करना है, उसमें जीवन ने जो सबक हमें सिखाया है, उसे लागू करना जरूरी है। लेकिन यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल है। लोग एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हैं। संदेश, ग्रीटिंग कार्ड और उपहारों का आदान-प्रदान नए साल के जश्न का अभिन्न अंग है। मीडिया कई नए साल के कार्यक्रमों को कवर करता है, जिन्हें दिन के अधिकांश समय प्राइम चैनलों पर दिखाया जाता है। जो लोग घर के अंदर रहने का फैसला करते हैं, वे मनोरंजन और मौज-मस्ती के लिए इन नए साल के शो का सहारा लेते हैं। नया साल सिर्फ़ जश्न मनाने का समय नहीं है, बल्कि आत्म-परीक्षण और सुधार का अवसर भी है। अतीत की गलतियों से सीखते हुए हमें अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए। आइए हम अपने लक्ष्यों को स्पष्ट करें और उन्हें प्राप्त करने की योजना बनाएँ। आइए हम नकारात्मकता को पीछे छोड़ें और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएँ। आइए हम जरूरतमंदों की मदद करके समाज के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी निभाएँ। आइए हम आत्म-विकास के लिए प्रयास करते रहें और नई चीजें सीखते रहें। लोग रंग-बिरंगे कपड़े पहनते हैं और मौज-मस्ती से भरी गतिविधियाँ करते हैं जैसे गाना, खेलना, नाचना और पार्टियों में जाना। नाइट क्लब, मूवी थिएटर, रिसॉर्ट, रेस्टोरेंट और मनोरंजन पार्क हर उम्र के लोगों से भरे हुए हैं। आने वाले साल के लिए नए संकल्पों की योजना बनाने की सदियों पुरानी परंपरा आम है। कुछ सबसे लोकप्रिय संकल्पों में वजन कम करना, अच्छी आदतें विकसित करना और कड़ी मेहनत करना शामिल है। आज के समय में, जब पर्यावरण के मुद्दे एक गंभीर चिंता का विषय हैं, तो पर्यावरण के प्रति संवेदनशील तरीकों से नए साल का जश्न मनाना हमारी जिम्मेदारी बन जाती है। पटाखों का उपयोग कम करना, पेड़ लगाना और जल संरक्षण इस दिशा में सकारात्मक कदम हो सकते हैं। नया साल हमें अतीत की कड़वाहट को भूलकर नए रिश्ते शुरू करना सिखाता है। आइए हम एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सद्भावना व्यक्त करें। आइए हम उन लोगों को सही रास्ते पर लाने का प्रयास करें जो अपना रास्ता भूल गए हैं। भगवद गीता में भगवान कृष्ण की शिक्षाएँ हमें याद दिलाती हैं कि हमें अपना काम करना चाहिए और परिणाम भगवान पर छोड़ देना चाहिए। नया साल सिर्फ़ कैलेंडर बदलने के बारे में नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन को एक नई दिशा देने का अवसर है। यह नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने का समय है। आइए हम सब मिलकर इस नए साल को अपने और समाज के लिए बदलाव का साल बनाएँ। अब, सभी चमक-दमक के बीच, नए साल का दिन कुछ गंभीर सोच-विचार का भी समय है। हाँ, हम आत्मनिरीक्षण के बारे में बात कर रहे हैं-पिछले साल को पीछे देखते हुए और यह पता लगाते हुए कि हमने क्या सीखा है। क्या हमने आखिरकार मकड़ियों के डर पर विजय प्राप्त की? क्या हमने उन लोगों के साथ पर्याप्त समय बिताया जो सबसे ज्यादा मायने रखते हैं? यह कुछ हद तक हमारे जीवन की मुख्य घटनाओं को स्क्रॉल करने और यह सोचने जैसा है, ह्ववाह, क्या मैंने वाकई ऐसा किया?ह्व एक पेड़ लगाएँ, अपने भविष्य के लिए एक पत्र लिखें, या बोर्ड गेम का लुत्फ उठाएँ। इसे अपने लिए अनोखा बनाएँ और हर साल इसका इंतजार करें। अब, इस तरह से आप एक परंपरा की शुरूआत कर सकते हैं! नए साल के दिन सोच-समझकर उपहार देकर प्यार फैलाएँ। यह कीमत के बारे में नहीं बल्कि इशारे के पीछे की भावना के बारे में है। एक हस्तलिखित नोट, एक व्यक्तिगत ट्रिंकेट, या एक हार्दिक संदेश दुनिया भर में अंतर ला सकता है जब आप उन लोगों के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हैं जो सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। अक्सर, हम या तो इसे महसूस नहीं करते या इसे स्वीकार करने से इनकार करते हैं और एक ऐसी कहानी लिखने की कोशिश करते हैं जो पहले ही खत्म हो चुकी है। ऐसे समय में हमें याद रखना चाहिए कि कभी-कभी कलम को नीचे रखना ठीक होता है। बंद दरवाजे से जूझना ठीक नहीं है। इससे चिपके रहने से आप दूसरी तरफ की खिड़की को देख नहीं पाते। जैसा कि माइंडफुलनेस प्रैक्टिशनर कहते हैं, सबसे बड़ी सच्चाई यह है कि नए सिरे से शुरूआत करने के लिए आपके पास मौजूद पल से बेहतर कोई समय नहीं है। नए साल की सुबह, सबसे अच्छी स्थिति में, केवल सही सेटिंग ही बना सकती है; बाकी, जैसा कि वे कहते हैं, सब आपके भीतर है। हालाँकि, आप नए साल के दिन 2025 को धूम मचाने का फैसला करते हैं, इसे यादगार बनाते हैं। ऐसे नाचें जैसे कोई देख नहीं रहा हो, ऐसे हँसें जैसे यह अब तक का सबसे अच्छा मजाक हो और अपने दोस्तों को ऐसे गले लगाएँ जैसे आपने उन्हें एक दशक से नहीं देखा हो।

# पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार विवाद : सरदार की नहीं, सरकार की मिटटी पलीद

**हर व्यक्ति बिना किसी असुविधा के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दे पाए। , लेकिन इस मुद्दे पर सियासत केवल भारत में होती है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए यथोचित स्थान उपलब्ध नहीं करा कर सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के पद की गरिमा, मनमोहन सिंह जी की शख्सियत, उनकी विरासत और खुद्दार सिख समुदाय के साथ न्याय नहीं किया। आपको बता दें की राष्ट्रिय स्मारक स्थल के लिए यूपीए सरकार के जमाने में 2013 में अलग से जिस जगह का आवंटन किया गया था वहीं पर 2018 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का अंतिम संस्कार किया गया था, लेकिन डॉ. मन मोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगम बोध घाट पर कराया गया।**





**राकेश अचल**
**लेखक**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मन मोहन सिंह अपनी जीवन यात्रा के पूर्ण होने के बाद भी मौन ही रहे, उनके अंतिम संस्कार स्थल को लेकर देश की सरकार ने जो संकीर्णता दिखाई उससे दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री सरदार डॉ. मन मोहन सिंह की नहीं बल्कि देश की सरकार की मिटटी पलीद हो गयी। डॉ. मन मोहन सिंह की पार्थिव देह का अंतिम संस्कार निगम बोध घाट पर हुआ तो भी उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ा लेकिन ये सवाल जरूर खड़ा हो गया कि देश के किसी पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम संस्कार को लेकर सरकार के पास कोई मान्य नियमावली है या सब कुछ मनमानी से होता है? कांग्रेस ने डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार ऐसे स्थल पर करने के लिए सरकार से आग्रह किया था जहां उनका स्मारक बनाया जा सके, लेकिन सरकार ने कांग्रेस का आग्रह नहीं माना और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार एक सामान्य नागरिक की तरह निगम बोध श्मशान में करा दिया। सरकार का हाथ कोई रोक नहीं सकता। और डॉ. मनमोहन सिंह ने ऐसी कोई वसीयत छोड़ी नहीं थी जिसमें उन्होंने अपने अंतिम संस्कार के लिए कोई खास स्थान की इच्छा जताई होती। ऐसे में सरकार का निर्णय ही अंतिम होना था सो हुआ। मुझे याद है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का अंतिम संस्कार 17 अगस्त 2018 को विजयघाट पर किया गया था, लेकिन तब अटल जी की पार्टी की सरकार थी और कल जब डॉ. मन मोहन सिंह का अंतिम संस्कार किया गया तब उनकी पार्टी की सरकार नहीं थी अन्यथा वे भी किसी विजय घाट पर ही अग्नि को समर्पित किये जाते। दुर्भाग्य ये है कि संकीर्णता का प्रदर्शन करने वाली सरकार अब डॉ. मन मोहन सिंह के अंतिम संस्कार के फैसले पर खेद प्रकट करने के बजाय पूरी बेशर्मी से राजनीति कर रही है। पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर छुटभैया भाजपा नेता तक अपनी सरकार के फैसले का बचाव करने में लगे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए स्थल के चयन और उनके नाम पर स्मारक को लेकर सियासी घमासान मच गया. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जहां केंद्र सरकार पर पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृति का ह्यअपमानह्ल करने का आरोप लगाया। वहीं बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पूर्व प्रधानमंत्री के दुखद निधन पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं।नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित की थी और उनके परिवार को इसकी जानकारी भी दी थी। उन्होंने कहा, ह्यकांग्रेस की ऐसी ओछी सोच की जितनी भी निंदा की जाए कम है। कांग्रेस, जिसने मनमोहन सिंह को उनके जीवित रहते कभी वास्तविक सम्मान नहीं दिया, अब उनके सम्मान के नाम पर राजनीति कर रही है। ह्लइससे पहले कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर देश के पहले सिख प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए उचित स्थान न देने का आरोप लगाया है, जहां बाद में उनका स्मारक बनाया जा सकता था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी ने केंद्र सरकार ने मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर ह्यभारत माता के महान सपूत और सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्रीह्ल का सरासर अपमान किया है। दुनिया भर में आज तक सभी पूर्व राष्ट्र प्रमुखों की गरिमा का आदर करते हुए उनके अंतिम संस्कार अधिकृत समाधि स्थलों में किए जाते हैं ताकि हर व्यक्ति बिना किसी असुविधा के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दे पाए। , लेकिन इस मुद्दे पर सियासत केवल भारत में होती है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए यथोचित स्थान उपलब्ध नहीं करा कर सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के पद की गरिमा, मनमोहन सिंह जी की शख्सियत, उनकी विरासत और खुद्दार सिख समुदाय के साथ न्याय नहीं किया। आपको बता दें की राष्ट्रिय स्मारक स्थल के लिए यूपीए सरकार के जमाने में 2013 में अलग से जिस जगह का आवंटन किया गया था वहीं पर 2018 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का अंतिम संस्कार किया गया था, लेकिन डॉ. मन मोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगम बोध घाट पर कराया गया। सरकार के फैसले से डॉ. मन मोहन सिंह के परिजन दुखी हैं या नहीं लेकिन पूरा सिख समुदाय अपने आपको अपमानित अनुभव कर रहा है। दुःख की बात तो ये है कि अपनी सरकार के गलत फैसले के खिलाफ केंद्रीय मंत्रिमंडल के अकेले सिख मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी कुछ नहीं बोले। बोलते कैसे, इतना साहस ही नहीं था उनमे। वे कोई डॉ. मनमोहन सिंह थोड़े ही हैं। लगता है कि सरकार डॉ. मन मोहन सिंह की मिटटी पलीद करना चाहती थी किन्तु उसके फैसले से खुद सरकार की मिटटी पलीद हो गयी। पूरी दुनिया ने देखा की निगम बोध घाट पर कैसे प्रबंध थे। डॉ. मन मोहन सिंह के परिजनों तक के बैठने का इन्तिजाम नहीं था। दूरदर्शन को छोड़ किसी दूसरे टीवी चैनल के कैमरे अंदर नहीं जाने दिए गए। डॉ. मन मोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए स्थल चयन के पीछे सरकार की कौन सी मानसिकता थी इसका आकलन समय करेगा, किन्तु अब ये सवाल भी मुंह बाये खड़ा है कि क्या भविष्य में भी देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों और राष्ट्रपतियों के अंतिम संस्कार के समय इसी तरह के विवाद खड़े होंगे या इस मुद्दे पर कोई स्पष्ट प्रोटोकॉल तय किया जाएगा? क्योंकि मरना तो सभी को है, कोई अमरौती खाकर नहीं आया। और कोई भला आदमी मरने से पहले अपने अंतिम संस्कार के लिए वसीयत लिखने से रहा। भाजपा कि सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी का अंतिम संस्कार विजयघाट पर कराया था और अब आठ साल बाद 20 करोड़ कि लागत से स्मारक बनवा रही है ग्वालियर में।

# इण्डिया गठबंधन वैचारिक एकता पर आधारित हो अवसरवाद पर नहीं

तनवीर जाफरी

लोकसभा चुनावों से पहले यानी जुलाई 23 में 15 दलों के साथ बने उसी संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन अर्थात यू पी ए ने इण्डिया गठबंधन नामक एक नया विपक्षी गठबंधन बनाने का प्रयास शुरू किया था। परन्तु इस बार इसमें 15 राजनैतिक दल नहीं बल्कि 26 पार्टियां शामिल हुई थीं। इण्डिया गठबंधन के अस्तित्व में आते ही सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की नींदें उड़ गयी थीं। सबसे पहले तो भाजपा नेता काफी दिनों तक इण्डिया गठबंधन (भारतीय राष्ट्रीय विकासशील समावेशी गठबंधन) में क्ठउक्रअ नाम के शामिल होने पर ही शोर शराबा करते रहे। उसके बाद जिस भाजपा ने दस वर्षों तक अपने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सहयोगियों की कभी बैठक बुलाने की जरुरत महसूस नहीं की थी उसी भाजपा को इण्डिया गठबंधन के मुकाबले राजग/एनडीए की भी पहली बार बैठक बुलानी पड़ी। उधर इण्डिया गठबंधन पर सिर मुंडाते ही ओले तब पड़ने लगे जबकि इण्डिया गठबंधन के अगुआकारों में सबसे अग्रणी भूमिका निभाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार स्वयं ही इण्डिया गठबंधन छोड़ भाजपा से ही गलबहियां कर बैठे। परन्तु इसके बावजूद 2024 में आये चुनाव परिणाम ने यह सन्देश जरूर दे दिया कि यदि विपक्ष पूरी ईमानदारी व एकता के साथ सत्ता को चुनौती देगा तो निश्चित रूप से परिणाम चौंकाने वाले होंगे। परन्तु इस हकीकत से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि इसी इण्डिया गठबंधन में कुछ दल ऐसे भी शामिल हैं जिनके गठबंधन में शामिल सबसे बड़े दल कांग्रेस से बुनियादी वैचारिक मतभेद भी हैं। और समय समय पर यह मतभेद उभर कर सामने आते रहते हैं। उदाहरण के तौर पर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना का अयोध्या मंदिर/मस्जिद विषय तथा सावरकर जैसे मुद्दों को लेकर विशेषकर कांग्रेस व अन्य समाजवादी दलों के साथ मतभेद का प्रश्न? इसी तरह बंगाल में ममता बनर्जी का गठबंधन में शामिल वामदलों को सहन न कर पाना। जबकि कांग्रेस द्वारा पूरी ईमानदारी से गठबंधन धर्म निभाते हुये व बड़ा दल होने के नाते भी बड़े दिल का सुबूत देते हुये हरियाणा से लेकर बंगाल व बिहार झारखण्ड तक वामपंथियों को समझौते के अनुसार प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की जाती रही है। इसी तरह देश का सबसे नया राजनैतिक दल यानी आम आदमी पार्टी भी समय समय पर खास तौर पर सीटों के बंटवारे को लेकर सार्वजनिक रूप से गठबंधन की फूट को उजागर करने का काम करती रही है। पंजाब, हरियाणा से लेकर दिल्ली, हिमाचल व गुजरात तक यही देखा जा रहा है। और पिछले दिनों ऐसे समय में जबकि दो महीने बाद ही फरवरी 25 तक दिल्ली विधानसभा की घोषणा की संभावना है इस वातावरण में जबकि इण्डिया गठबंधन को पूरी तरह संगठित नजर आना चाहिए था बजाये इसके बजाये दिल्ली में गठबंधन के दोनों ही प्रमुख सहयोगियों कांग्रेस व आप में तलवारें खिंच गयी हैं। पिछले दिनों कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार और साथ ही भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ श्वेत पत्र जारी किया। इसी दौरान कांग्रेस नेता अजय माकन ने कई ऐसे आरोप लगा दिये जिससे आप नेता तिलमिला उठे। माकन ने कहा कि ह्यह्लपहले केजरीवाल को समर्थन देना गलती थी और गठबंधन करना भी भूल थी। केजरीवाल भरोसे के योग्य नहीं। उनकी कोई विचारधारा नहीं है। केजरीवाल फजीवाल हैं वे राष्ट्र विरोधी हैं। राष्ट्रविरोधी शब्द से आप तिलमिला उठी और जवाब में आप नेताओं ने कांग्रेस से अजय माकन पर कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही यह चेतावनी भी दी कि अगर कांग्रेस ऐसा नहीं करती है तो आम आदमी पार्टी, इंडिया गठबंधन के नेताओं से मांग करेगी कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से हटाएं।इंडिया गठबंधन में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना भी कांग्रेस वामपंथियों व अन्य गांधीवादी व समाजवादी विचारधारा रखने वाले दलों के साथ शामिल है। परन्तु यह साथ भी पूरी तरह अवसरवादी है। क्योंकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना 6 दिसंबर की अयोध्या घटना का श्रेय भी लेना चाहती है, स्वयं को उस घटना का अगुवाकार भी बताती है। इसी तरह सावरकर को लेकर शिवसेना (उद्धव) के विचार इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दलों से अलग हैं। शिवसेना (उद्धव) सावरकर को हीरो बताती है जबकि इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दल इन दोनों ही मुख्य मुद्दों पर शिवसेना (उद्धव) से मतभेद रखते हैं। दूसरी और इन्हीं दोनों मुद्दों पर भाजपा व शिवसेना (उद्धव) के मत एक समान हैं। गोया वैचारिक व सैद्धांतिक समानता शिवसेना (उद्धव) व भाजपा में है न कि शिवसेना (उद्धव) व कांग्रेस या इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दलों में।

# हम्पी ने दूसरी बार वर्ल्ड रैपिड शतरंज चैंपियनशिप जीती

## इंडोनेशिया की इरीन सुखंदर को हराया, टूर्नामेंट में 11 में से 8.5 पॉइंट्स अर्जित किए

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** भारत की कोनेरू हम्पी ने दूसरी बार वर्ल्ड रैपिड शतरंज चैंपियनशिप खिताब जीत लिया है। न्यूयॉर्क में खेले गए इस टूर्नामेंट में हम्पी ने फाइनल में इंडोनेशिया की इरीन सुखंदर को हराया। इससे पहले हम्पी ने साल 2019 में जॉर्जिया में हुए इस चैंपियनशिप को जीता था। भारत की नंबर 1 खिलाड़ी चीन की जू वेनजुन के बाद एक से अधिक बार खिताब जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी हैं। 37 वर्षीय हम्पी ने 11 में से 8.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट का समापन किया।

**हम्पी ग्रैंड मास्टर बनने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी** –हंपी नेशनल बॉयज टाइटल जीतने वाली पहली भारतीय महिला थीं। वे ग्रैंड मास्टर बनने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी हैं। वे 2600 ईएलओ पॉइंट हासिल करने वाली सिर्फ दूसरी महिला खिलाड़ी हैं। उनके पिता अशोक कोनेरू ने 5 साल की उम्र में उनकी प्रतिभा को पहचान लिया था। अशोक भी शतरंज खेलते थे। उन्होंने हम्पी को ट्रेनिंग दी। अशोक प्रोफेसर थे। बेटी के शतरंज के सपनों को पूरा करने के लिए उन्होंने नौकरी छोड़ दी और हंपी को ट्रेनिंग देने लगे। 6 और 7 साल की उम्र में हंपी ने स्टेट चैंपियनशिप जीत ली। इसके बाद अंडर-12, 14, 16 की नेशनल चैंपियन बन गई।



### रूस के वोलोडर मुर्जिन ने पुरुषों का खिताब जीता

रूस के 18 वर्षीय वोलोडर मुर्जिन ने मेन्स का खिताब जीता। मुरजिन स्त्रद्धष्ठश्व वर्ल्ड रैपिड चैंपियन जीतने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। उनसे पहले नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव 17 साल की उम्र में खिताब जीता था।

### चेस में इस साल भारत का रहा बेहतर प्रदर्शन

चेस में इस साल भारत का प्रदर्श प्रदर्शन बेहतर रहा है। डी गुकेश ने चीन के डिंग लिरेन को 12 दिसंबर को वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप फाइनल में 7.5-6.5 से हराया था। इतनी कम उम्र में खिताब जीतने वाले गुकेश दुनिया के पहले प्लेयर हैं। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में यह खिताब जीता था। वहीं सितंबर में हंगरी के बुडापेस्ट में हुए चेस ओलिंपियाड में भारत ने ओपन और विमेंस कैटेगरी में ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीता। ओलिंपियाड के 97 साल के इतिहास में भारत ने दोनों कैटेगरी में पहली बार ही पहला स्थान हासिल किया। 11वें राउंड की ओपन कैटेगरी में भारत ने स्लोवेनिया को 3.5-0.5 से हराया। वहीं, विमेंस टीम ने अजरबैजान को 3.5-0.5 के अंतर से ही आखिरी राउंड हराया।

# नीतीश के पिता ने गावस्कर के पैरों पर सिर रखा

## पूर्व क्रिकेटर रो पड़े, कहा- आपके बलिदान की वजह से नीतीश रेड्डी जैसा हीरा मिला

**मेलबर्न (एजेंसी)।** मेलबर्न टेस्ट में करियर का पहला शतक लगाने वाले नीतीश रेड्डी के पिता मुत्याला रेड्डी ने पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर से मुलाकात की। इस दौरान मुत्याला ने गावस्कर के पैरों पर सिर रखकर नमस्कार किया। गावस्कर ने मुत्याला को उठाया और गले से लगा लिया। इस इमोशनल मोमेंट पर गावस्कर भी रो पड़े। उन्होंने कहा, आपके बलिदान की वजह से भारत को नीतीश रेड्डी नाम का हीरा मिला है। हम जानते हैं कि आपने कितना त्याग किया है। बहुत संघर्ष किया है। आपकी वजह से मैं रो रहा हूं। आपकी वजह से भारत को हीरा मिला है, भारतीय क्रिकेट को हीरा मिला है। नीतीश के शतक के बाद मुत्याला ने हाथ जोड़ा। वे रो पड़े और कहा कि ये स्पेशल मोमेंट, कभी नहीं भूलेंगे।



### सुनील गावस्कर ने दिया था स्टैंडिंग ओवेशन

नीतीश रेड्डी ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच से टेस्ट में डेब्यू किया है। मेलबर्न में चौथे मैच के तीसरे दिन शनिवार को उन्होंने करियर का पहला शतक बनाया। नीतीश के शतक के बाद सुनील गावस्कर ने उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दिया था।

### पिता ने नीतीश के लिए नौकरी छोड़ दी थी

मुताल्या रेड्डी ने अपने बेटे की क्रिकेटिंग स्किल्स निखारने के लिए 2016 में हिंदुस्तान जिंक में अपनी नौकरी छोड़ दी। नीतीश ने भी अपने पिता के त्याग की चर्चा बीसीसीआई टीवी को दिए इंटरव्यू में की।

नीतीश ने कहा था, सच कहूं तो बचपन में मैं क्रिकेट के प्रति ज्यादा सीरियस नहीं था। मेरे पिता ने मेरे लिए नौकरी छोड़ दी थी। मेरी कहानी के पीछे मेरे पिता और परिवार का बहुत त्याग रहा है। एक दिन मैंने पैसे की कमी के कारण उन्हें रोते हुए देखा। तब मुझे एहसास हुआ कि इस तरह मजे के लिए क्रिकेट नहीं खेली जा सकती।

यहां से मैं क्रिकेट के प्रति पूरी तरह सीरियस हो गया। मैंने बहुत ज्यादा कड़ा परिश्रम किया और इसका मुझे रिजल्ट मिला। अब मुझे खुद पर गर्व है कि मेरे पिता अब खुश हैं।

# आलोचकों को गलत साबित करना चाहता था, नीतिश रेड्डी की शतकीय पारी के बाद पहली प्रतिक्रिया

**मेलबर्न (एजेंसी)।** नीतिश रेड्डी अपने आलोचकों को गलत साबित करना चाहते थे जो टेस्ट प्रारूप में उनकी काबिलियत पर संदेह करते थे और एमसीजी के प्रतिष्ठित मैदान पर शतक जड़कर उन्होंने यह संदेश दिया कि वह क्रिकेट के उच्चतम स्तर के खिलाड़ी हैं। कुछ पूर्व खिलाड़ी रेड्डी के टेस्ट खिलाड़ी के रूप में उभरने को लेकर संशय में थे जिसमें पूर्व मुख्य चयनकर्ता भी शामिल था। लेकिन छह पारियों में 293 रन बनाकर और 58 से अधिक के बल्लेबाजी औसत से उन्होंने इन सभी को करारा जवाब दिया है।



रेड्डी की 114 रन की पारी की बदौलत भारत पहली पारी में 369 रन बनाने में सफल रहा। इस शतक की बदौलत युवा बल्लेबाज ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। क्या आपको कभी लगा कि आप इस टीम में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी होंगे? रेड्डी ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने के बाद अपनी निराशा साझा करते हुए कहा, 'कुछ लोगों को मुझ पर संदेह था जैसे आईपीएल खेलने वाला कोई युवा खिलाड़ी इतनी बड़ी श्रृंखला में प्रदर्शन नहीं कर सकता। मैं जानता हूं कि बहुत से लोग इस तरह की बातें करते थे।

इस 21 साल के खिलाड़ी ने कहा, 'मैं बस उन्हें यह अहसास दिलाना चाहता हूं कि उन्होंने मेरे बारे में जो कुछ कहा है, वह गलत है और मैं यही कर रहा हूं। मैं लोगों को बताना चाहता हूं कि मैं भारतीय टीम के लिए अपना शत प्रतिशत देने के लिए यहां हूं। यह पूछे जाने पर कि वह पिछले एक महीने को कैसे देखते हैं जिसमें उनका जीवन बदल गया, उन्होंने तुरंत जवाब दिया 'मुझे लगता है कि आप लोगों के लिए यह एक या दो महीने ही हैं। लेकिन मेरे लिए यह पिछले दो से तीन साल हैं। मैं अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी पर कितनी मेहनत कर रहा हूं। रेड्डी ने 2024 आईपीएल की शुरुआत से पहले 'साइड-आर्म थ्रोडाउन' विशेषज्ञों की सेवायें ली थीं और उनके खिलाफ लगभग 18 गज की दूरी से 145 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गेंद पर बल्लेबाजी का अभ्यास किया था।

# असमान उछाल में बल्लेबाजी करना मुश्किल हो सकता है : मार्नस लाबुशेन



**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की तरफ से चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में सर्वाधिक रन बनाने वाले मार्नस लाबुशेन ने रविवार को यहां कहा कि भारत के लिए ऐसे विकेट पर लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल हो सकता है जिसमें असमान उछाल है। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में नौ विकेट पर 228 रन बनाए हैं और उसकी कुल बढ़त 333 रन की हो गई है।

लाबुशेन ने सर्वाधिक 70 रन बनाए जबकि निचले क्रम में पैट कमिंस (41), नाथन लियोन (नाबाद 41) और स्कॉट बोलैंड (नाबाद 10) ने उपयोगी योगदान दिया। लाबुशेन से जब पूछा गया कि पांचवें दिन पिच का व्यवहार कैसा होगा, उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है की पहली पारी में पिच से कुछ मूवमेंट मिल रहा था। निश्चित रूप से पहले 40 से 50 ओवर तक रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा लेकिन खेल आगे बढ़ने के साथ उछाल कम और असमान हो गई। इसलिए हमने देखा कि अधिकतर गेंद विकेट को निशाना बनाकर की गई।

उन्होंने कहा, 'सीम मूवमेंट शायद पहले जैसा ही है लेकिन अब कम गेंद उछाल ले रही है और ऐसे में बल्लेबाजी करना मुश्किल हो जाता है। लाबुशेन ने यह नहीं बताया कि उनकी टीम कल सुबह मौजूदा स्कोर पर ही पारी समाप्त की घोषणा करेगी या नहीं लेकिन उन्होंने यह जरूर कहा कि चौथे दिन उनकी टीम ने रणनीति पर अमल किया। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत खुशी हुई कि आप सोचते हैं कि मुझे यह पता है कि हमारी टीम पारी समाप्ति की घोषणा करेगी या नहीं।

# मेलबर्न में सिर्फ एक बार चेज हुआ 300+ रन का लक्ष्य, क्या पांचवें दिन भारत रचेगा इतिहास?

● कमिंस के बाद लियोन ने संभाला, ऑस्ट्रेलिया ने बनाई 333 रन की लीड ● बुमराह ने चार जबकि सिराज ने अभी तक 3 विकेट अपने नाम किए

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट के रूप में खेले जा रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के चौथे मैच में मेजबान टीम ने चौथे दिन 9 विकेट के नुकसान पर 228 रन बनाते हुए 333 रन की लीड हासिल कर ली है। दूसरे पारी में तेज गेंदबाज चमके जिन्होंने कुल 7 विकेट अपने नाम किए। इसमें बुमराह ने चार जबकि सिराज ने अभी तक 3 विकेट अपने नाम किए हैं। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से दूसरी पारी में मार्नस लाबुशेन (139 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 70 रन) के बाद पैट कमिंस की 41 रन की पारी प्रभावी रही। नाथन लियोन ने अंत में आकर पासा पलटने की कोशिश की और इस दौरान उन्हें बोलैंड का भी साथ मिला। दोनों ने चौथे दिन विकेट बचाए रखा जिससे ऑस्ट्रेलिया को मजबूती मिली।

अब भारत को मेलबर्न में इतिहास भी रचना होगा और इस मैदान पर सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करना होगा, क्योंकि इससे पहले मेलबर्न में टेस्ट में सबसे सफल चेज 332 रन का था, जो इंग्लैंड ने 1928 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की सीरीज का चौथा टेस्ट मेलबर्न में खेला जा रहा है। इस बॉक्सिंग डे टेस्ट के चौथे दिन का खेल खत्म हो चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में नौ विकेट गंवाकर 228 रन बना लिए हैं। पहली पारी के आधार पर उनके पास 105 रन की बढ़त थी। ऐसे में टीम की कुल बढ़त 333 रन की हो चुकी है। अब तक



मेलबर्न में सिर्फ एक बार 300 से ज्यादा रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक चेज किया गया है।

टेस्ट क्रिकेट में शुरूआती कदम रखने वाले नीतिश कुमार रेड्डी ने भारत के लिए 'संकटमोचक' की भूमिका निभाते हुए चौथे टेस्ट के तीसरे दिन नाबाद शतक लगाकर आस्ट्रेलिया की जीत की उम्मीदों को झटका दिया है। रेड्डी के नाबाद 105 रन की मदद से भारत ने बारिश के कारण तीसरे दिन का खेल जल्दी समाप्त किए जाने तक 9 विकेट पर 358 रन बना लिए हैं।

आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 474 रन से भारत अभी भी 116 रन पीछे है। एमसीजी की सपाट पिच पर गेंदबाजों को कोई मदद नहीं मिलती देख अब टेस्ट बचाना भारत के लिए बहुत मुश्किल नहीं होना चाहिए। इस श्रृंखला में भारत की खोज रहे रेड्डी को इसका पूरा श्रेय जाता है। उन्होंने जुझारूपन की मिसाल पेश करते हुए वॉशिंगटन सुंदर (162 गेंद में 50 रन) के साथ 127 रन की अहम साझेदारी की जो भारत के लिये निर्णायक मोड़ रही।

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने रेड्डी की पारी को सर्वश्रेष्ठ टेस्ट पारियों में से एक बताया। ऋषभ पंत के गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर विकेट गंवाने के समय भारत का स्कोर छह विकेट पर 191 रन था। आंध्र के युवा बल्लेबाज का स्कोर 99 रन था जब जसप्रीत बुमराह आउट हो गए। इस समय रेड्डी और आखिरी बल्लेबाज मोहम्मद सिराज क्रीज पर थे। सिराज के आने पर दर्शकों ने फिर उनकी हूटिंग की लेकिन उन्होंने मेजबान कप्तान पैट कमिंस की तीन गेंद संभलकर खेली। हर गेंद के बाद रेड्डी और दीर्घा में बैठे उनके पिता के चेहरे के भाव बदल रहे थे लेकिन सिराज ने तीन गेंद संभलकर खेली और रेड्डी को वह पल दिया जिसका सपना वह हजारों बार देख चुके थे। स्कॉट बोलैंड को सीधे चौका लगाकर रेड्डी ने अपना शतक पूरा किया और घुटने के बल बैठकर बल्ले पर हेलमेट रखकर भारतीय डगआउट के प्रति आभार व्यक्त किया। भारतीय खिलाड़ियों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया।

रेड्डी ने अपनी पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया। सुबह के सत्र में जहां ऋषभ पंत का गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर अपना विकेट गंवाना भारत को भारी पड़ा वहीं दूसरे सत्र में रेड्डी ने जबर्दस्त संयम का प्रदर्शन किया। भारत ने पहले सत्र में 80 रन बनाए। पंत 37 गेंद में 28 रन बनाकर खराब शॉट खेलकर आउट हुए। एमसीजी पर तीसरा दिन बल्लेबाजी के लिये शानदार था चूंकि घास हट चुकी थी और कूकाबूरा से गेंदबाजों को कोई मदद नहीं मिल रही थी। पंत अगर टिककर खेलते तो बड़ी पारी खेल सकते थे। रविंद्र जडेजा (51 गेंद में 17 रन) और पंत ने दिन की अच्छी शुरूआत की। पंत ने कुछ चौके भी लगाए लेकिन लांग लेग पर गैर जरूरी रिवर्स लैप पुल शॉट खेलकर अपना विकेट गंवा दिया।

स्कॉट बोलैंड की गेंद पर जब उन्होंने पहली बार यह शॉट खेलने का प्रयास किया तो गेंद नाभि के पास लगी और वह दर्द में दिखे। वह उठे और उन्हें समझ में नहीं आया कि पैट कमिंस ने डीप फाइन लेग और डीप थर्डमैन पर फील्डर लगा दिया है ताकि रिवर्स और रिवर्स लैप शॉट रोक सके। पंत ने फिर वही शॉट खेला और अतिरिक्त उछाल के कारण गेंद सीधे थर्डमैन पर फील्डर के हाथ में गई। इसके बाद रेड्डी ने संभलकर खेला और कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाये । इस बीच जडेजा को नाथन लियोन ने पगबाधा आउट कर दिया।

### मेलबर्न में टेस्ट में सबसे सफल रन चेज

| लक्ष्य (रन) | टीम | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|
| 332 | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया | 1928 |
| 297 | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया | 1895 |
| 295 | दक्षिण अफ्रीका | ऑस्ट्रेलिया | 1953 |
| 286 | ऑस्ट्रेलिया | इंग्लैंड | 1929 |
| 282 | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया | 1908 |

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**ऑस्ट्रेलिया** – उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीवन स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड

**भारत** – यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप

# सिनर, स्वियातेक के डोपिंग मामलों पर खिलाड़ियों को अंधेरे में रखा गया : जोकोविच



**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रविवार को इस खेल में डोपिंग से जुड़े हाई-प्रोफाइल मामलों से निपटने में 'दोहरे मापदंड' अपनाने की आलोचना की। जोकोविच चोट से उबर कर सोमवार से शुरू होने वाले 'ब्रिसबेन इंटरनेशनल' से प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे। अगले महीने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच 2009 के बाद पहली बार 'ब्रिसबेन इंटरनेशनल' में भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट के एकल में उन्हें शीर्ष वरीयता मिली है। जोकोविच ने मौजूदा समय में रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज यानिस सिनर के डोपिंग मामले के बारे में 'अंधेरे में रखे जाने' पर निराशा व्यक्त की। जोकोविच 'बिसबेन इंटरनेशनल' के युगल में ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस के साथ भी जोड़ी बनाएंगे। यह जोड़ी सोमवार से अपना अभियान शुरू करेगी। उन्होंने कहा, 'मैं यह सवाल नहीं कर रहा हूं कि (सिनर ने) जानबूझकर प्रतिबंधित पदार्थ लिया था या नहीं। हमने अतीत और वर्तमान में बहुत सारे खिलाड़ियों को प्रतिबंधित पदार्थों के लिए जांच में पॉजिटिव आने के कारण निलंबित होते देखा है। उन्होंने कहा, 'कम रैंकिंग वाले कुछ खिलाड़ी एक साल से अधिक समय से अपने मामले के सुलझने का इंतजार कर रहे हैं। मैं वास्तव में निराश हो हूं। हमें (सिनर मामले पर) कम से कम पांच महीने तक अंधेरे में रखा गया। इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने सिनर और पूर्व महिला विश्व नंबर एक इगा स्वियातेक दोनों पर साल की शुरुआत में डोपिंग रोधी उल्लंघन का आरोप लगाया था। सर्बियाई खिलाड़ी ने डोपिंग उल्लंघनों के संबंध में टेनिस अधिकारियों की ओर से पारदर्शिता की कमी की भी आलोचना की।

आस्ट्रेलिया -भारत

# यशस्वी जायसवाल ने चौथे दिन 3 कैच छोड़े, रोहित शर्मा भड़के

**मेलबर्न (एजेंसी)।** बॉक्सिंग डे टेस्ट के चौथे दिन दूसरे सत्र के दौरान युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल द्वारा सीधा कैच छोड़े जाने के बाद रोहित शर्मा स्लिप कॉर्डन में गुस्से में दिखे। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में एक महत्वपूर्ण क्षण में मौका चूक गया, जिससे 46 रन पर अच्छी तरह से जमे मार्नस लाबुशेन को एक अतिरिक्त जीवनदान मिला।



रोहित आमतौर पर शांत और संयमित रहते हैं, लेकिन वह अपनी हताशा को छिपा नहीं पाए और महंगे कैच के बाद गुस्से में हवा में मुक्का मारने लगे। जब लाबुशेन ने आकाश दीप की गेंद पर मौका दिया, तब भारत 99 रन पर 6 विकेट खोकर मजबूत स्थिति में था। जायसवाल ने कठोर हाथों से कैच लेने की कोशिश की, लेकिन गेंद जमीन पर गिर गई। यह यशस्वी द्वारा चौथे दिन छोड़ा गया दूसरा कैच था।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की पारी के तीसरे ओवर में, उन्होंने उस्मान ख्वाजा को आउट करने का मुश्किल मौका गंवा दिया, जो 2 रन पर थे। लेग में खड़े जायसवाल ख्वाजा की शक्तिशाली फ्लिक पर जल्दी से प्रतिक्रिया करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। ख्वाजा ने इसका फायदा उठाया और मोहम्मद सिराज द्वारा आउट होने से पहले 19 रन जोड़े।

# बुमराह के 200 टेस्ट विकेट पूरे, संयुक्त रूप से दूसरे सबसे तेज भारतीय गेंदबाज

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट के चौथे दिन के खेल के दौरान टेस्ट क्रिकेट में 200 विकेट पूरे करने वाले रविंद्र जडेजा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे तेज भारतीय गेंदबाज बन गए। बुमराह ने लंच के बाद के सत्र में ट्रेविस हेड (01) को अपना 200वां शिकार बनाया जिससे उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में जडेजा की बराबरी की। बुमराह और जडेजा दोनों ने अपने 44वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की और वह टेस्ट क्रिकेट में यह उपलब्धि हासिल करने वाले 12वें भारतीय गेंदबाज हैं। हाल ही में संन्यास लेने वाले भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 200 विकेट लेने वाले भारतीयों की सूची में सबसे तेज हैं। उन्होंने अपने 37वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की थी। अश्विन सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दुनिया में तीसरे स्थान पर हैं। उनसे आगे दो लेग स्पिनर हैं- पाकिस्तान के यासिर शाह (33 टेस्ट) और ऑस्ट्रेलिया के क्लेरी ग्रिमेट (36 टेस्ट)। हेड को आउट करने के बाद बुमराह ने मिचेल मार्श (00) को विकेट के पीछे कैच कराया जिससे उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपने विकेटों की संख्या 28 पर पहुंचा दी। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज सैम कोन्सटास (08) को आउट करके पहला विकेट लिया था।



**एक अनूठा कारनामा** – टेस्ट क्रिकेट के 148 साल के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी गेंदबाज ने 200 या उससे अधिक विकेट 20 से कम के औसत से लिए हों। इससे पहले यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के दिग्गज गेंदबाज मैल्कम मार्शल के नाम था, जिन्होंने 376 विकेट 20.94 के औसत से लिए थे। बुमराह ने न केवल मार्शल के इस रिकॉर्ड को तोड़ा बल्कि टेस्ट क्रिकेट में एक नया इतिहास स्थापित किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बारिश से धंसी खेत की जमीन से निकला शिवलिंग, गाजियाबाद के गांव की घटना

**गाजियाबाद, एजेंसी।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद जिले के गांव में कथित तौर पर खेत में जमीन के अंदर से शिवलिंग निकलने का दावा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने फिलहाल उस शिवलिंग को एक मंदिर में स्थापित कर दिया है। इस दौरान काफी संख्या में लोगों के जमा होने से गांव में दिनभर हलचल बनी रही। दरअसल, मसूरी थानाक्षेत्र के मुबारिकपुर गांव में रहने वाले एक व्यक्ति के खेतों में जोरदार बारिश के चलते शनिवार सुबह मिट्टी धंस गई, जिससे कई फुट गहरा गड्ढा हो गया। ग्रामीण जब वहां पहुंचे तो देखा कि गड्ढे में एक शिवलिंग है। जमीन से शिवलिंग प्रकट होने की खबर गांव में आग की तरह तेजी से फैल गई। इसके बाद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। इसके बाद सर्वसम्मति से शिवलिंग को गड्ढे से बाहर निकालकर गांव के मंदिर में स्थापित किया गया। जानकारी के अनुसार, मुबारिकपुर गांव निवासी करण सिंह के खेतों में इस समय गेहूं की फसल खड़ी है। शनिवार सुबह जब करण सिंह और कुछ ग्रामीण खेत पर पहुंचे तो देखा कि तेज बारिश के चलते एक स्थान पर कई फुट तक जमीन धंसी हुई है। जमीन धंसने से बने गड्ढे में जब ग्रामीणों ने झांककर देखा तो उन्हें वहां एक शिवलिंग नजर आया। जमीन से शिवलिंग निकलने की बात गांव में आग की तरह तेजी से फैल गई। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों ग्रमीणों की भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। फिर शिवलिंग को बाहर निकलवाया गया और सभी की सहमति से उसे गांव के मंदिर में स्थापित किया गया।खेत मालिक करण सिंह का कहना है कि जिस स्थान पर शिवलिंग प्रकट हुआ है, वह उस स्थान पर मंदिर बनाएंगे और शिवलिंग को वहीं पर स्थापित करेंगे।

### फरीदबाद में सड़क पर झगड़े के दौरान चली गोली, बाइक से जा रहे छात्र के पेट में लगी

**फरीदबाद।** फरीदबाद के इस्माइलपुर में दोस्त के साथ बाइक पर बैठकर सामान खरीदने जा रहे नौवीं के एक छात्र को अचानक पेट में गोली लग गई। बताया जा रहा है कि रास्ते में चार युवक झगड़ा कर रहे थे। उनमें से किसी ने गोली चला दी, जो बाइक से बाजार जा रहे छात्र के पेट में जा लगी। उसे गंभीर हालत में बीके अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बाद में उसे दिल्ली के एम्स ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। पल्ला थाना पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि घायल छात्र की पहचान बसंतपुर कॉलोनी निवासी 16 वर्षीय प्रियम ओझा के रूप में हुई है। प्रियम के पिता दयानिधि ओझा ने बताया कि वह मूलरूप से उत्तर प्रदेश के बरेली जिला अंतर्गत रेवती ओझा का टोला गांव के रहने वाले हैं।

### सीबीआई कोर्ट ने पेरिया दोहरे हत्याकांड में 14 आरोपियों को दोषी ठहराया

**कोच्चि, एजेंसी।** सीबीआई की विशेष अदालत ने राजनीतिक रूप से संवेदनशील पेरिया जुड़वां हत्याकांड में चौदह आरोपियों को दोषी ठहराया, जिनमें से अधिकतर कथित सीपीआई (एम) कार्यकर्ता हैं, जिनमें पूर्व उडुमा विधायक के.वी. कुंजुरामन भी शामिल हैं. सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एन. शेषाद्रिनाथन ने उन्हें दोषी पाया, साथ ही 10 अन्य को भी बरी कर दिया क्योंकि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ आरोप साबित करने में विफल रहा. जिन लोगों को अदालत ने दोषी पाया है, वे हैं पीतांबरन (पहला आरोपी), साजी जॉर्ज (दूसरा आरोपी), सुरेश (तीसरा आरोपी) अनिलकुमार (चौथा आरोपी) जिजिन (पांचवां आरोपी) श्रीराग (छठा आरोपी), अश्विन (सातवां आरोपी) सुधीश (आठवां आरोपी), रेन्जिथ (नौवां आरोपी) सुरेंद्रन (दसवां आरोपी) मणिकंदन (14वां आरोपी), के.वी, कुंजुरामन (20वां आरोपी ), वेलुथोली राघवन (21वां आरोपी) और एवी. भास्करन (22वां आरोपी) अदालत ने आरोपियों को हत्या, गैरकानूनी सभा, आपराधिक साजिश, दंगा और गलत तरीके से रोकने सहित विभिन्न अपराधों का दोषी पाया. आरोपियों को सजा 3 जनवरी को सुनाई जाएगी. कुंजुरामन और तीन अन्य को आईपीसी की धारा 225 के तहत किसी व्यक्ति की वैध गिरफ्तारी में बाधा डालने या विरोध करने के अपराध का दोषी पाया गया।

# सरपंच की हत्या से बीड में बवाल, मनोज जरांगे की सीएम फडणवीस को चेतावनी- पछताना पड़ेगा




**पुणे, एजेंसी।**
मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे-पाटिल ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को कड़ी चेतावनी दी। जरांगे-पाटिल ने एक दिन पहले शुक्रवार को बीड में पत्रकारों से बातचीत में कहा, मुख्यमंत्री साहब, आपको यह ध्यान रखना चाहिएज्आपको सरपंच की हत्या में शामिल लोगों का समर्थन नहीं करना चाहिए, वरना आपको पछताना पड़ेगा।

आज महाराष्ट्र के बीड शहर में मसाजोग के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के विरोध में हजारों लोग एकत्र हुए और मार्च निकाला जरांगे-पाटिल भी बीड पहुंचे और मोर्चे में भाग लिया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, अगर मुख्यमंत्री असली आरोपियों को गिरफ्तार करने में विफल रहते हैं, तो हम राज्य भर में मोर्चा निकालेंगे। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे, कोल्हापुर राजपरिवार के छत्रपति संभाजी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सुरेश धास और अभिमन्यु पवार, राकांपा विधायक प्रकाश सोलंके और राकांपा (शरदचंद्र पवार) के विधायक जितेंद्र आव्हाड तथा संदीप क्षीरसागर ने विरोध मार्च में भाग लिया। जरांगे-पाटिल ने कहा, हम उम्मीद कर रहे हैं कि राज्य सरकार जनता की आवाज सुनेगी और जागेगी। अगर सरकार नहीं जागी, तो हमें उसे जगाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। हम तब तक चुप नहीं बैठेंगे, जब तक हमें इस मामले में न्याय नहीं मिल जाता। चाहे वह सत्ताधारी दल हो या विपक्ष, कोई भी इस मामले में राजनीति न करे।

9 दिसंबर को संतोष देशमुख को दिनदहाड़े स्कॉर्पियो कार से अगवा किया गया था। उन्हें तीन घंटे तक कथित तौर पर पीटा गया, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। उनका शव गांव के पास सड़क पर फेंक दिया गया था। इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विपक्षी दलों के नेताओं ने शीतकालीन सत्र के दौरान राज्य विधानमंडल में दावा किया कि वाल्मीक कराड हत्याकांड का 'मास्टरमाइंड' है। मृतक सरपंच की बेटी वैभवी देशमुख ने विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने पिता के लिए न्याय की मांग की। उन्होंने कहा कि दलित समुदाय के एक व्यक्ति को बचाने के लिए उन्होंने अपनी जान गंवा दी। इस हत्या ने महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र को हिला कर रख दिया। विपक्षी विधायकों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यहां तक कि सत्ताधारी दल के नेताओं ने भी खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड पर उंगली उठाई। जरांगे-पाटिल ने फडणवीस और राज्य के उपमुख्यमंत्रियों को चेतावनी देते हुए कहा, कुछ लोग गुंडागर्दी कर रहे हैं, कुछ बंदूकें लहरा रहे हैं, और पुलिस भी अहंकारी तरीके से व्यवहार कर रही है। मुख्यमंत्री को ऐसे लोगों का समर्थन नहीं करना चाहिएज्अगर उन्होंने ऐसा किया।,

# गुरुग्राम के पटौदी-हेलीमंडी और फर्रुखनगर में महंगे होंगे फ्लैट व प्लॉट, कैबिनेट ने दी जोन बदलने की मंजूरी

**गुरुग्राम, एजेंसी।**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में शनिवार को हुई कैबिनेट की बैठक में पटौदी, हेलीमंडी और फर्रुखनगर के जोन बदलने को मंजूरी दे दी गई। इस फैसले के बाद इन क्षेत्रों में फ्लैट और प्लॉट दोनों की महंगे हो जाएगे। इसके अलावा यहां पर अब विकास भी तेजी से होगा। नई योजनाए भी बनाई जाएंगी और जमीनी स्तर पर काम भी होगा। इस इलाके की बेहतर कनेक्टिविटी पर भी काम किया जाएगा। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग द्वारा गुरुग्राम जिले के पटौदी-हेली मंडी और फर्रुखनगर संभावित क्षेत्रों को कम संभावित क्षेत्र से मध्यम संभावित क्षेत्र में संशोधित करने को मंजूरी दी गई। पटौदी-हेली मंडी और फर्रुखनगर (जिला गुरुग्राम) के क्षेत्र वर्तमान में हरियाणा विकास और शहरी क्षेत्रों के विनियमन नियम, 1976 की अनुसूची के अनुसार कम क्षमता वाले क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं, जिसमें विभिन्न संभावित क्षेत्र निर्धारित किए गए हैं जो निम्न, मध्यम, उच्च और अति संभावित क्षेत्र हैं। इन क्षेत्रों में कॉलोनियों के विकास और संस्थानों, उद्योगों, गोदामों आदि जैसी अन्य गतिविधियों की बहुत संभावना है।

शहीदों के परिजनों को एक करोड़ रुपये देगी सरकार = हरियाणा सरकार अब युद्ध में मारे गए राज्य के सैन्यकर्मियों और सीएपीएफ कर्मियों के परिजनों को एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि देगी। हरियाणा कैबिनेट ने संशोधित मुआवजे को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कैबिनेट की बैठक में राज्य के संभावित क्षेत्रों के बाह्य विकास



शुल्क (ईडीसी) की गणना के लिए इंडेक्सेशन मैकेनिज्म के संशोधन को मंजूरी दी। इंडेक्सेशन नीति वर्ष 2015 के लिए ईडीसी दरों पर आधारित थी और इनमें आज तक कोई वृद्धि नहीं की गई थी। इंडेक्सेशन नीति से पहले, ईडीसी दरों में हर साल 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाती थी। कैबिनेट ने अब से हर साल ईडीसी दरों में 10 प्रतिशत की वृद्धि करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

**जीएमयूसी के बेहद करीब हैं यह कस्बे:** फर्रुखनगर और पटौदी-हेली मंडी कस्बे गुरुग्राम-मानेसर अर्बन कॉम्प्लेक्स (जीएमयूसी) के हाइपर पोटेंशियल जोन के बहुत करीब स्थित हैं। रिलायंस के मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप, केएमपी एक्सप्रेसवे और तेजी से विकसित हो रहे रेलवे नेटवर्क के कारण फर्रुखनगर ने डेवलपर्स का बहुत ध्यान आकर्षित किया है। इसी तरह, पटौदी-हेली मंडी में भी एनएच-8 और केएमपी एक्सप्रेसवे के करीब होने के कारण विकास की बहुत संभावनाएं हैं।

# बंगाल को मुस्लिम बहुल राज्य बनाना चाहते हैं आतंकी, टीएमसी कर रही उनकी मदद; बीजेपी का आरोप



**कोलकाता, एजेंसी।**
भाजपा ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आतंकवादियों की मदद करने का आरोप लगाया है। केंद्रीय मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने शनिवार को कहा, जो भी आतंकी पकड़ा जा रहा है, उसका संबंध टीएमसी के किसी न किसी से होता है। फेक आधार कार्ड और वोटर कार्ड चलाने की मशीनरी चलाई जा रही है। कोई नदिया और मुर्शिदाबाद तो कोई नॉर्थ 24 परगना से पकड़ा गया है। इनका तृणमूल के साथ संबंध भी सामने आया है। इससे पता चलता है कि पिछले 5 बरसों से ममता बनर्जी ने ऐसे लोगों को खुली छूट दी हुई है, भारत के खिलाफ जो मन हो वो करिए। चुनाव आता है तो ये लोग फतवा जारी करके टीएमसी के पक्ष में वोट करवाते हैं।

सुकांत मजूमदार ने कहा कि त्रिपुरा और असम में बॉर्डर के ज्यादातर हिस्सों में बाड़ लगाई जा चुकी है, मगर पश्चिम बंगाल में ऐसा नहीं हुआ। यह इसलिए है क्योंकि बंगाल सरकार ने घुसपैठियों के खिलाफ बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं दी। ऐसे में आप लोगों को कैसे रोकेंगे। उन्होंने कहा, आतंकवादी पश्चिम बंगाल को मुस्लिम बहुल राज्य में बदल देना चाहते हैं और टीएमसी उनकी मदद करने में लगी हुई है। इसलिए भाजपा नेता उनकी हिटलिस्ट में हैं और टीएमसी लीडर नहीं। बंगाल सरकार के बयान देखिए तो वे भारत के नहीं बल्कि किसी दुश्मन देश के नेता लगते हैं। हमें देश को कट्टरपंथी इस्लामी शक्तियों से बचाने की जरूरत है। बंगाली हिंदुओं को यह बात समझनी होगी। इस बीच, कोलकाता पुलिस ने देश में अवैध रूप से रहने के आरोप में एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी महानगर के पार्क स्ट्रीट इलाके से हुई। पुलिस ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिक के पास फर्जी पहचान पत्र थे। उसने शुक्रवार को बताया कि बांग्लादेश में नरैल के रहने वाले व्यक्ति को गोपनीय सूचना के आधार पर कोलिन्स लेन से पकड़ा गया। वह 2023 से शहर के खिदरपुर इलाके में किराए के मकान में रह रहा था।

# मंदिर की जमीन पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने को लेकर बवाल, तेलंगाना सरकार पर भड़का विहिप

**हैदराबाद, एजेंसी।**
विश्व हिंदू परिषद की तेलंगाना प्रदेश इकाई ने मंदिर की जमीन पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने संबंधी राज्य सरकार के प्रस्ताव का विरोध किया। विहिप ने एक बयान में आरोप लगाया कि यह अक्षय ऊर्जा पहल की आड़ में मंदिर की जमीन हड़पने की एक चाल है। साथ ही, मांग रखी कि सरकार इस प्रस्ताव को तुरंत वापस ले, जो मंदिर की संपत्तियों के निजीकरण का नवीनतम प्रयास है। बयान में कहा गया कि सरकार मंदिर की जमीन की केवल संरक्षक है, न कि इसकी मालिक और यह ऐसा तथ्य है जिसे अदालतों ने बार-बार बरकरार रखा है। हालांकि, धर्मनिरपेक्ष सरकारों ने मंदिर के मामलों को नियंत्रित करने के लिए अपनी शक्ति का लगातार दुरुपयोग किया है, जिसके कारण अरबों रुपये की मंदिर की संपत्ति का कुप्रबंधन और नुकसान हुआ है।



विहिप ने राज्य सरकार पर 1987 के अधिनियम का उपयोग करके मंदिर की संपत्तियों को सरकारी संपत्ति में बदलने और बाद में निजी व्यक्तियों को जमीन के विशाल हिस्से को बेचने का आरोप लगाया। विहिप ने कहा कि सरकार ने अपनी परियोजनाओं के लिए मंदिरों की भूमि पर भी अतिक्रमण किया है, जैसा कि हैदराबाद आउटर रिंग रोड के लिए हजारों एकड़ भूमि के अधिग्रहण से स्पष्ट है। विहिप ने मंदिरों को शून्य बजट आवंटित करने और मंदिरों की आय पर 15 प्रतिशत कर लगाने के लिए सरकार की आलोचना की। विहिप ने सरकार से सौर संयंत्र के प्रस्ताव को वापस लेने और मंदिर की संपत्तियों की स्थिति पर एक श्वेत पत्र जारी करने को कहा। साथ ही, ए. वेंकटरामरेड्डी आयोग की रिपोर्ट को पब्लिक डोमेन में रखे जाने की मांग की। इसके अलावा, चेतावनी दी गई कि अगर सरकार इन मांगों को पूरा करने में विफल रहती है तो प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। इसलिए समय रहते राज्य सरकार को कदम उठाना चाहिए और उनकी मांगों को पूरा किया जाए।

# शेख हसीना को जल्द सुनाई जाए सजा, पहले यूनुस सरकार ने भारत को लिखा पत्र; अब चला नया पैंतरा



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की यूनुस सरकार पूर्व पीएम शेख हसीना को फंसाने के लिए हर रोज नए पैंतरा अजमा रही है। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद देश छोड़कर भारत आई हसीना को यूनुस सरकार वापस लाना चाहती है। हाल ही में इसके लिए बांग्लादेश सरकार ने भारत को एक पत्र लिख हसीना को वापस भेजने के लिए कहा था। अब बांग्लादेश इंटरनेशनल क्राइम ट्राइब्यूनल के चीफ प्रॉसीक्यूटर मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने कहा कि मानवता की गुनहगार शेख हसीना को एक साल के अंदर सजा सुना दी जाएगी। दरअसल, फोरम फॉर बांग्लादेश स्टडीज की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में ताजुल इस्लाम ने कहा कि मोहम्मद यूनुस ने कुछ प्राथमिकताएं तय की हैं। उन्होंने दावा किया अंतरिम सरकार के मुखिया ने निर्देश दिया है कि देश में हुई हत्याओं को करवाने वालों के खिलाफ जल्द से जल्द मुकदमा होना चाहिए। ताजुल ने कहा कि जुलाई में शुरू हुए छात्रों के आंदोलन को खत्म करने के लिए उनकी हत्याएं करवाई गई और इसमें शेख हसीना का ही हाथ था। उन्होंने कहा कि पहले हम इस मामले में हसीना और उसके साथियों के खिलाफ केस फाइनल करेंगे और फिर सजा की बात होगी। हाल ही में बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने भारत को पत्र लिख शेख हसीना को वापस भेजने की मांग की। बांग्लादेश सरकार ने कहा कि हसीना ने कई छात्रों की हत्याएं करवाई हैं और वो इसकी दोषी है। सरकार ने भारत से हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की है। वहीं, ढाका की अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने कहा कि हसीना ने मानवता के खिलाफ अपराध किया है और इसी कारण उनपर और उनकी कैबिनेट में शामिल मंत्रियों, सलाहकारों और सैन्य एवं प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। शेख हसीना के बेटे संजीब वाजिद ने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अवामी लीग के नेताओं को फंसाकर प्रतिशोध की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि इसके चलते न्यायालय का भी दुरुपयोग किया जा रह है।

# गाजा के आखिरी बड़े अस्पताल को भी इजरायल ने किया तबाह, पकड़ लिए गए कर्मचारी

**गाजा , एजेंसी।** उत्तरी गाजा पट्टी में इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के हमले के बाद कमाल अदवान अस्पताल में चिकित्सा सुविधा संचालन व्यवस्था बंद हो गयी है। इस हमले में अस्पताल के प्रमुख विभाग नष्ट हो गये थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने शनिवार को यह जानकारी दी। डब्ल्यूएचओ ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कहा, शुक्रवार को कमाल अदवान अस्पताल पर हुए हमले के कारण यहां से चिकित्सा सुविधा बंद कर दी गयी। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, हमले के दौरान कुछ प्रमुख विभाग बुरी तरह जलकर खाक हो गये।

आईडीएफ के हमले में 60 स्वास्थ्य कर्मचारी और 25 मरीज बुरी तरह घायल हो गए हैं और उनकी हालत गंभीर है। इनमें कुछ वेंटिलेटर पर रखे हुए मरीज भी हैं।जबकि अन्य गंभीर हालत वाले मरीजों को नष्ट हो चुके और बंद पड़े इंडोनेशियाई अस्पताल में ले जाया गया है। इजरायली अधिकारियों का कहना है कि हमले के दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए। आईडीएफ ने गाजा में ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड्स शुरू किया और एन्क्लेव की पूरी तरह से नाकाबंदी की घोषणा की है। बयान में कहा गया, डब्ल्यूएचओ उनकी सुरक्षा के लिए बहुत चिंतित है। अस्पताल के निदेशक हुसाम अबू सफ़िया ने कहा कि पिछले गुरुवार को उत्तरी गाजा पट्टी में कमाल अदवान अस्पताल के पास एक इमारत पर इजरायली हमलों में लगभग 50 लोग मारे गए थे। गौरतलब है कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजरायल पर गाजा पट्टी की ओर से अचानक रॉकेट हमले किये गये। इसके अलावा, फिलिस्तीनी उग्रवादी हमास विद्रोहियों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ की, सेना और नागरिकों पर गोलीबारी की। उन्हें बंधक बना लिया था। जिसके बाद इजरायल ने गाजा पट्टी पर हवाई और जमीनी हमले जारी रखे।

# सशस्त्र विद्रोह पड़ेगा भारी, पूरी उम्र खानी होगी जेल की हवा

**मास्को, एजेंसी।**
रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन किसी तरह के संभावित विद्रोह को रोकने की तैयारी में अभी से जुट गए हैं। उन्होंने सशस्त्र विद्रोह करने या उसमें भाग लेने के लिए आजीवन कारावास तक की सजा के प्रावधान वाले कानून पर हस्ताक्षर किए हैं। सरकारी कानूनी पोर्टल पर पोस्ट किए गए दस्तावेज में यह जानकारी दी गयी है। इसमें कहा गया कि इस तरह की गतिविधियों से किसी व्यक्ति की मौत या अन्य गंभीर परिणाम होते हैं। इसलिए इसके प्रति पहले से ही सजग और इससे दूर रहने की जरूरत है।

कानून के अनुसार, रूस के संवैधानिक आदेश को ध्वस्त करने, जबरन बदलने या इसकी क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करने के उद्देश्य से सशस्त्र विद्रोह का संगठन या नेतृत्व करने पर कड़ी सजा मिलेगी। इसके तहत 15 से 20 साल की कैद की सजा दी जाएगी। समान उद्देश्यों के लिए सशस्त्र विद्रोह में भाग लेने पर 12 से 20 साल की कैद की सजा का प्रस्ताव है। पुतिन ने एक अन्य कानून पर भी हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत रूस की सुरक्षा के खिलाफ गतिविधियों में दुश्मन की सहायता करने के लिए किसी विदेशी को 15 साल तक की जेल की सजा हो सकती है।



**विमान हादसे की त्रासदपूर्ण घटना के लिए पुतिन ने मांगी माफी:** दूसरी ओर, व्लादिमीर पुतिन ने कजाकिस्तान में अजरबैजानी विमान हादसे की त्रासदपूर्ण घटना के लिए शनिवार को अजरबैजान के राष्ट्रपति से माफी मांगी। इस दुर्घटना में 38 लोगों की मौत हो गई थी। विमान ने बुधवार को अजरबैजान की राजधानी बाकू से चेचन्या की राजधानी ग्रोजनी के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद इसका मार्ग परिवर्तित कर दिया गया और कजाकिस्तान में उतरने का प्रयास करते हुए विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में 38 लोगों की मौत हो गई और 29 लोग घायल हो गए। शनिवार को रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने इस मामले में बयान जारी किया। इसमें कहा गया कि बुधवार को यूक्रेनी ड्रोन हमले के कारण ग्रोज्नी के निकट वायु रक्षा प्रणालियों ने गोलीबारी की। हालांकि, यह कहने से परहेज किया कि विमान रूसी वायु रक्षा प्रणाली की गोलीबारी का निशाना बना।

# दो कैंपों पर अर्धसैनिक बल आरएसएफ के हमले से 20 नागरिकों की मौत

**खार्तूम, एजेंसी।** सूडान के एल फशर शहर में दो कैंपों पर अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमलों में कम से कम 20 नागरिक मारे गए और 17 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उत्तरी दारफुर राज्य के स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक इब्राहिम खातिर ने कहा, कल रात (शुक्रवार) एक आरएसएफ मिलिशिया ड्रोन ने एल फशेर में सैकड़ों विस्थापित लोगों के शिविर, कोज बेना स्कूल पर चार बम गिराए। इसमें 19 नागरिक मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा, आज सुबह मिलिशिया ने एल फशर के उत्तर में अबू शौक विस्थापन शिविर पर गोलाबारी की। इसमें एक नागरिक की मौत हो गई और एक लड़की घायल हो गई। आरएसएफ ने अबू ज़ेरिगा क्षेत्र पर हमले पर कोई टिप्पणी जारी नहीं की है। इससे पहले चार दिसंबर को, सूडान के दारफुर क्षेत्र के गवर्नर ने घोषणा की थी कि सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य के एक क्षेत्र में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा किए गए हमले में 20 नागरिक मारे गए थे। गवर्नर मिन्नी आर्को मिन्नावी ने अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट में कहा, आरएसएफ ने एल फशर शहर के दक्षिण में अबू ज़ेरिगा क्षेत्र में नरसंहार किया, इसमें 20 नागरिक मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129